दैनिक
डिजिटल राष्ट्रीय डेली न्यूज़ पेपर दैनिक लोकतंत्र की आवाज़ बिहार से प्रकाशित सम्पूर्ण बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश मे प्रसारित !
Digital Daily News Paper
# लोकतंत्र की आवाज
● नवादा से प्रकाशित ● नवादा मंगलवार 17 दिसंबर 2024 ● वर्ष : 02 अंक : 473



## संक्षिप्त खबरें ।

### इजरायल ने सीरिया पर गिराया विशाल 'भूकंप बम', जमीन हिल गई, देखें वीडियो

**लोक तंत्र की आवाज़**



**लंदन।** सीरिया के तानाशाह बशर अल असद के शासन के खात्मे के बाद सीरिया में इजरायल के हवाई हमले जारी हैं. इजरायल ने सोमवार को अपने युद्धक विमानों से सीरिया के तटीय इलाकों को निशाना बनाया और भयानक हवाई हमला किया. दावा है कि सीरिया पर गिराए गए बम से इतना बड़ा धमाका हुआ कि जमीन हिल गई और रिएक्टर पैमाने पर इसे भूकंप की तरह दर्ज किया गया।

**सबसे बड़ा हमला:** डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल के इन हमलों में टार्टस क्षेत्र को निशाना बनाया गया, जहां रूसी सैन्य अड्डा है. रिपोर्ट के मुताबिक सीरिया के आसमान में 'विशाल' विस्फोट हुए हैं. इस हमले को इजरायल की ओर से सीरिया पर किया गया, 2012 के बाद से अब तक सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स ने कहा कि 'इजरायली युद्धक विमानों ने हवाई रक्षा इकाइयों और 'सतह से सतह पर मार करने वाले मिसाइल डिपो' सहित कई स्थलों को निशाना बनाकर हमले किए। रिपोर्ट विशाल विस्फोट के बाद इस डिपो में मौजूद हथियारों में भी कई धमाके हुए, जिससे विस्फोट ज्यादा भयानक हो गया. सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में एक बहुत बड़ी चमकीली चमक दिखाई गई जिसके बाद कई विस्फोट हुए जिससे हवा में धुएं का एक विशाल बादल छा गया।

**भूकंप से तेज सिग्नल:** शोधकर्ता रिचर्ड कॉर्डीरो के अनुसार विस्फोट का पता पश्चिमी तुर्की के इस्निक में 820 किमी दूर एक मैग्नेटोमीटर स्टेशन द्वारा लगाया गया था. उन्होंने कहा कि सिग्नल एक सामान्य भूकंप की तुलना में 'दोगुनी गति से' चल रहा था। टार्टस सीरिया में रूस के दो सैन्य ठिकानों में से एक का स्थान रहा है और इसका इस्तेमाल नौसेना बेस के साथ–साथ गोला–बारूद डिपो के रूप में भी किया जाता था.सोवियत संघ द्वारा 1971 में टार्टस में पहली बार एक नौसैनिक सैन्य अड्डा स्थापित किया गया था. 2017 तक इस सुविधा को बेस के बजाय 'मटेरियल–टेक्निकल सपोर्ट पॉइंट' के रूप में वर्गीकृत किया गया था, और यह भूमध्य सागर में रूस का एकमात्र प्रवेश बिंदु है.

### बांग्लादेश के विजय दिवस पर शेख हसीना ने यूनुस को घेरा, खोल दी अंतरिम सरकार की पोल

**लोक तंत्र की आवाज़**



**ढाका।** बांग्लादेश आज 'विजय दिवस' मना रहा है। 16 दिसंबर यानी आज ही के दिन भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के योद्धाओं ने पाकिस्तानी सेना के खिलाफ युद्ध लड़ा बांग्लादेश को आजाद कराने में बड़ी भूमिका निभाई। 'विजय दिवस' की पूर्व संध्या रविवार को बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने देश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर तीखा हमला किया है। हसीना ने अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस पर 'अलोकतांत्रिक समूह' का नेतृत्व करने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनकी लोगों के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है।

**शेख हसीना ने यूनुस को बताया 'फासीवादी:** शेख हसीना ने यूनुस को 'फासीवादी' कहा और आरोप लगाया कि उनके नेतृत्व वाली सरकार का मुख्य उद्देश्य मुक्ति संग्राम और मुक्ति समर्थक ताकतों की भावना को दबाना है। बांग्लादेश 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाता है। 16 दिसंबर 1971 को पाकिस्तानी सेना के तत्कालीन प्रमुख जनरल अमीर अब्दुल्ला खान नियाजी ने 93,000 सैनिकों के साथ 13 दिन के युद्ध के बाद भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी की संयुक्त सेना के सामने आत्मसमर्पण किया था। इस घटना के बाद पूर्वी पाकिस्तान बांग्लादेश बना था। हसीना ने अपने बयान में कहा कि 'राष्ट्र विरोधी समूहों' ने असंवैधानिक तरीके से सत्ता पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा, 'फासीवादी यूनुस के नेतृत्व वाले इस अलोकतांत्रिक समूह की जनता के प्रति कोई जवाबदेही नहीं है। वो सत्ता पर कब्जा कर रहे हैं और सभी जन कल्याण कार्यों में बाधा डाल रहे हैं।

## लालू यादव ने यूं ही राहुल गांधी के बदले ममता बनर्जी का साथ नहीं दिया

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार में इंडिया ब्लॉक के भीतर प्रेशर पालिटिक्स शुरू हो गई है. आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने राहुल गांधी की बजाय ममता बनर्जी को इंडिया ब्लॉक की कमान सौंपने की वकालत यूं ही नहीं की है. इसके पीछे उनकी सुचिंतित चाल है. लालू यादव को पता चल गया है कि कांग्रेस अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में न सिर्फ सीटों के लिए अड़ेगी, बल्कि उन चेहरों को भी सामने लाएगी, जो लालू यादव को पसंद नहीं हैं. कांग्रेस की रणनीति की जैसे ही लालू को भनक मिली, उन्होंने पैंतरा बदल लिया. लालू किसी भी हाल में तेजस्वी के सामने उन चेहरों के उभार के खिलाफ रहे हैं।

**क्या है कांग्रेस की रणनीति:** बिहार में कांग्रेस तकरीबन तीन दशक से आरजेडी की पिछलग्गू बनी हुई है. कांग्रेस का प्रदेश में नेतृत्व किसके पास रहेगा, यह आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव तय करते रहे हैं. लालू ने पिछले साल कांग्रेस दफ्तर जाकर पार्टी कार्यकर्ताओं को बताया भी था कि मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह को राज्यसभा भेजने में उनकी क्या भूमिका रही. उनका दावा था कि उनके ही कहने पर सोनिया गांधी ने अखिलेश सिंह को राज्यसभा भेजा।

**पिछलग्गू नहीं बनेगी कांग्रेस :** कांग्रेस ने अब अपनी पिछलग्गू छवि बदलने का प्लान बनाया है. हरियाणा और महाराष्ट्र में हार के बाद कांग्रेस ने जो मंथन किया, उसमें दो बातें उभर कर सामने आई थीं. पहला यह कि कांग्रेस के संगठनात्मक ढांचे में आमूल–चूल परिवर्तन की जरूरत है. दूसरा कि विधानसभा चुनावों में



जातीय जनगणना और संविधान पर खतरा जैसे राष्ट्रीय मुद्दों को उठाने की बजाय पार्टी स्थानीय मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगी. उत्तर प्रदेश में पार्टी की सभी इकाइयां भंग कर कांग्रेस ने इसकी शुरुआत भी कर दी है।

**कांग्रेस का कन्हैया पर दांव:** बिहार में भी कांग्रेस संगठनात्मक ढांचे में बदलाव करेगी. इतना ही नहीं, चुनाव के लिए पार्टी पहले से ही कुछ स्थानीय चेहरों को सामने लाने की तैयारी में है. इस क्रम में पहला नाम जेएनयू के अध्यक्ष रह चुके कन्हैया कुमार और दूसरा नाम पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव का आ रहा है. कन्हैया कुमार और पप्पू यादव से लालू यादव और तेजस्वी यादव की नाराजगी जग जाहिर है. दोनों से लालू और तेजस्वी की अदावत सबको पता है. कन्हैया कुमार बिहार के तो हैं ही, वे बेगूसराय से संसदीय चुनाव भी लड़ चुके हैं. हालांकि वे चुनाव जीत नहीं पाए, लेकिन बिहार में उनके चेहरे को लोग पसंद करते हैं. संसदीय चुनाव में कन्हैया को इसलिए कामयाबी नहीं मिल पाई थी कि आरजेडी ने भी वहां से अपना उम्मीदवार दे दिया था. तब वे भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) के कैंडिडेट थे।

**कन्हैया से तेजस्वी को भय:** कन्हैया कुमार से तेजस्वी को भय लगता है. कन्हैया उनसे अधिक पढ़े–लिखे हैं. सांसदी का दो चुनाव लड़ चुके हैं. अपने तर्कसंगत भाषणों से कन्हैया विरोधियों पर भी कुछ देर के लिए प्रभाव छोड़ते हैं. वामपंथी पहचान तो उनकी जेएनयू के जमाने से ही रही है, अब भाजपा की धुर विरोधी कांग्रेस में रहने का भी उन्हें लाभ मिल सकता है. इंडिया ब्लाक की सरकार बनती है और कन्हैया उस टीम में आते हैं तो यह तेजस्वी के लिए खतरनाक होगा।

### पप्पू भी बदला लेने को तैयार

पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव अपने को कांग्रेस का सिपाही मानते हैं. अपनी जन अधिकार पार्टी का उन्होंने कांग्रेस में विलय इसीलिए किया था कि उन्हें पार्टी पूर्णिया से लोकसभा का उम्मीदवार बनाएगी. कहते हैं कि प्रियंका गांधी ने उन्हें इसका आश्वासन भी दिया था. ऐन वक्त सब कुछ बदल गया. लालू–तेजस्वी ने पहले ही आरजेडी का उम्मीदवार बीमा भारती को घोषित कर दिया. हालांकि इंडिया ब्लाक की बिहार में आरजेडी के बड़ी पार्टी होने के नाते उन्होंने लालू यादव और तेजस्वी यादव से उनके आवास जाकर मुलाकात भी की थी. हद तो तब हो गई, जब तेजस्वी यादव ने पूर्णिया की एक सभा में कह दिया कि आरजेडी को वोट नहीं दे सकते तो एनडीए को दे दें।

## तबाह हो गया मुस्लिम द्वीप, चक्रवात चिडो ने एक झटके में 1000 से ज्यादा जानें ली, दफनाने के लिए नहीं जगह

**लोक तंत्र की आवाज**

**नई दिल्ली।** फ्रांस के हिंद महासागर वाले मुस्लिम बहुत द्वीप पर आए चिडो चक्रवात ने भारी तबाही मचाई है. इसने 1000 से ज्यादा लोगों की जान ले ली है. जबकि अभी सटीक आंकड़ा सामने नहीं आया है।

200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आए चिडो चक्रवात ने फ्रांस के एक मायोट द्वीप पर ऐसी तबाही मचाई है कि यहां के लोग कह रहे हैं कि यह परमाणु युद्ध के बाद जैसी तबाही है. यहां के घर, अस्पताल, बाजार तो छोड़ें पूरे के पूरे मोहल्ले ही खत्म कर दिए हैं. शनिवार देर रात आए इस तूफान से सैकड़ों लोगों की मौत हो गई है. कहा जा रहा है कि मौतों का आंकड़ा 1 हजार से कहीं ज्यादा हो सकता है।

**बीते 90 सालों का सबसे भयानक तूफान:** मायोट द्वीप ने बीते 90 सालों में ये सबसे बड़ा तूफान और भयानक तबाही देखी है. फ्रांस के टीवी रिपोर्ट के अनुसार इस तबाही में सैकड़ों लोगों की मौत हो गई. टीवी चैनल मायोट ला1एरे पर अधिकारी ने कहा, "मुझे लगता है कि सैकड़ों लोग मारे गए हैं, शायद संख्या लगभग एक हजार के करीब हो सकती है या फिर हजारों में भी पहुंच सकती है।




### गैंगवॉर-अशांति के बाद अब तूफान का कहर

सरकारी एजेंसी के अनुसार, मायोत में 1 लाख से ज्यादा अवैध प्रवासी रहते हैं. वही 75 फीसदी से ज?यादा आबादी बेहद गरीब है. साथ ही दशकों से यह गैंग वॉर और सामाजिक अशांति से जूझ रहा है. अब तूफान ने भी बची हुई कसर पूरी कर दी है। फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा है, "मेरी संवेदनाएं मायोत में हमारे देशवासियों के साथ हैं, जिन्होंने सबसे भयावह कुछ घंटे झेले हैं. कुछ लोगों ने अपना सब कुछ खो दिया है, अपनी जान गंवा दी है।

**बेहद गरीब और मुस्लिम बहुत इलाका:** मायोट द्वीप पर रहने वाले लोग बेहद गरीब हैं और यह मुस्लिम बहुल आबादी वाला स्थान है. यहां अवैध प्रवासियों की संख्या काफी ज्यादा है. जिससे निवासियों की आबादी सही आंकड़ा भी उपलब्ध नहीं है. इस कारण चक्रवात के कारण मौतों और घायलों की सटीक संख्या का पता लगाने में बहुत मुश्किल हो रही है।

**लाशें दफनाना भी बड़ी समस्या:** इससे पहले गृह मंत्रालय ने रविवार को कम से कम 11 लोगों की मौत और 250 से अधिक लोगों के घायल होने की पुष्टि की थी. लेकिन बाद में मलबा हटाते ही आंकड़ा ताबड़तोड़ तेजी से बढ़ा. यहां के स्थानीय निवासी ने कहा, "सच कहूं तो हम जो अनुभव कर रहे हैं वह एक त्रासदी है. द्वीप की हालत ऐसी है जैसे परमाणु युद्ध के बाद का नजारा होता है. मैंने अपनी आंखों के सामने एक पूरे मोहल्ले को गायब होते देखा है." हर ओर मलबा है।बिजली आपूर्ति ठप है।मुस्लिम समुदाय में मृत्यु के बाद 24 घंटे के अंदर (जल्द से जल्द) शव को दफनाना होता है लेकिन यहां हालात इतने खराब हैं कि इतने बड़े पैमाने पर शवों को दफनाना संभव नहीं हो पा रहा है।

## बीपीएससी परीक्षा केंद्र पर बवाल करने वालों के खिलाफ दर्ज होगा हत्या का केस



**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** पटना जिला प्रशासन ने बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) परीक्षा को बाधित करने की कोशिश करने वाले लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की है। पटना में बीपीएससी परीक्षा के दौरान ड्यूटी पर तैनात एक अधिकारी की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गयी थी, जिसके संबंध में मुकदमा दर्ज करने की सिफारिश की गयी है। पटना के जिलाधिकारी ने बीपीएससी को सौंपी रिपोर्ट में यह सिफारिश की, जिसकी प्रतियां मीडिया को उपलब्ध कराई गयी हैं।

पटना के कुम्हरार इलाके में स्थित बापू परीक्षा परिसर में यह घटना 13 दिसंबर को हुई। बापू परीक्षा परिसर उन 900 से अधिक केंद्रों में से एक था, जहां यह प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गयी। इस प्रतियोगी परीक्षा में लगभग पांच लाख अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। उपजिलाधिकारी रैंक के एक अधिकारी द्वारा सौंपी गई जांच रिपोर्ट में 'परीक्षार्थियों के रूप में असामाजिक तत्वों द्वारा परीक्षा रद्द करवाने के उद्देश्य से व्यवधान पैदा करने की कोशिश किये जाने'

**संदेह के घेरे में कोचिंग संस्थान:** रिपोर्ट में इस पूरे प्रकरण में 'कई कोचिंग संस्थानों की भूमिका की जांच' की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया है। परीक्षा वाले दिन बापू परीक्षा परिसर में 5,000 से अधिक अभ्यर्थी उपस्थित थे तथा परीक्षा हॉल से बाहर निकलकर उन्होंने आरोप लगाया कि प्रश्नपत्र लीक हो गया है। परीक्षा केंद्र के बाहर भी भारी भीड़ जमा हो गई थी तथा पुलिस के हस्तक्षेप से स्थिति को नियंत्रित किया गया। पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह भी मौके पर पहुंचे और घटना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें वह (जिलाधिकारी) एक उपद्रवी को थप्पड़ मारते नजर आ रहे थे। हंगामे के दौरान राम इकबाल सिंह को दिल का दौरा पड़ा और जिला प्रशासन की रिपोर्ट में उनकी मौत का कारण परीक्षा केंद्र से सटी सड़क पर यातायात जाम को बताया गया। रिपोर्ट के मुताबिक, सड़क जाम होने के कारण अधिकारी को समय पर अस्पताल नहीं ले जाया जा सका।

## इंडिया और एनडीए की 'दशा' और 'दिशा' पर सवाल, जेडीयू-बीजेपीके बीच बढ़ी दूरियां

**लोक तंत्र की आवाज़**

**पटना।** बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर दांव–पेच अभी से दिखने लगा है। बिहार में भी दूसरे राज्यों की तरह दो सियासी गठबंधन आमने–सामने हैं। एनडीए में भाजपा, जेडीयू, लोक जनशक्ति पार्टी– आर (लोजपा–आर), राष्ट्रीय लोक मंच (त्स्ड) और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) हैं तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' में आरजेडी, कांग्रेस, वामपंथी पार्टियां और वीआईपी शामिल हैं।

**एनडीए के भीतर मचा है भारी घमासान:** ऊपर से एनडीए में सब कुछ ठीक दिखता है, लेकिन अंदरखाने ऐसा नहीं है। खासकर तिरहुत एमएलसी उपचुनाव में निर्दलीय वंशीधर ब्रजवासी की जीत के बाद एनडीए का कलह सतह पर आ गया है। एनडीए समर्थित जेडीयू के पराजित प्रत्याशी अभिषेक झा असहयोग का आरोप एनडीए के जनप्रतिनिधियों पर लगा रहे हैं। चिराग पासवान के नेतृत्व वाली लोजपा– आर के बागी प्रत्याशी को लेकर भी एनडीए में घमासान मचा हुआ है। भाजपा के भीतर तो कोई खटपट अभी नहीं दिखती, लेकिन जेडीयू में अंदरूनी उठापटक जरूर है। इसका एक उदाहरण काफी है।

### ● बिहार चुनाव से पहले बड़ा उलटफेर?

**संजय झा के गृह प्रवेश से नीतीश नदारद:** पिछले दिनों जेडीयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य संजय झा को दिल्ली में मिले सरकारी आवास का गृह प्रवेश था। निमंत्रण पाकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और एनडीए के सांसद शामिल हुए। बिहार के डेप्युटी सीएम सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा भी गृह प्रवेश के दौरान मौजूद थे। आश्चर्य की बात यह रही कि नीतीश कुमार, अशोक चौधरी और विजय चौधरी नहीं पहुंचे। श्रवण कुमार अपवाद थे। वे किसी कार्य से उस वक्त दिल्ली में मौजूद थे। शायद इसी वजह से वे शामिल हुए। इससे यही संदेश जाता है कि जेडीयू में कुछ तो गड़बड़ है।



**मनीष वर्मा का कार्यक्रम रोकने से खटपट:** नीतीश कुमार की सलाह पर मनीष वर्मा ने कार्यकर्ता समागम का कार्यक्रम शुरू किया था। जिलों में जाकर वे न सिर्फ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर रहे थे, बल्कि समता पार्टी के पुराने–बिछड़े लोगों से भी मिल रहे थे। उनका कार्यक्रम संजय झा के निर्देश पर रोक दिया गया। इसके लिए पत्र पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने जारी किया। जेडीयू के भीतर इस बात को लेकर खटपट है। नीतीश के कहने पर ही मनीष वर्मा ने आईएएस की नौकरी छोड़ जेडीयू ज्वाइन किया था। वे नीतीश कुमार के गृह जिले के उनके स्वजातीय हैं। जेडीयू ज्वाइन करते ही उन्हें नीतीश कुमार ने जिस तरह राष्ट्रीय महासचिव बना दिया, ।

### 'इंडिया' में आरजेडी और कांग्रेस आमने–सामने

इंडिया ब्लॉक भी निरापद नहीं रह गया है। कांग्रेस और आरजेडी आमने–सामने आ गए हैं। आरजेडी ने राष्ट्रीय स्तर पर इंडिया ब्लाक के नेतृत्व की कमान राहुल गांधी की जगह ममता बनर्जी को सौंपने की वकालत की है। लालू प्रसाद यादव का बयान आने के बाद दोनों के संबंधों में खटास आ गई है। हालांकि इसे लोग दोनों की प्रेसर पोलिटिक्स मान रहे हैं। कांग्रेस को भनक लग गई है कि विधानसभा चुनाव में आरजेडी उसकी सीटों में कटौती करने की सोच रहा है। इसलिए पहले से ही कांग्रेस ने पैंतरेबाजी शुरू कर दी है। कभी सीटों पर समझौता न करने की बात कांग्रेस के नेता कह रहे हैं तो अब दो डेप्युटी सीएम का प्रस्ताव कांग्रेस ने रख दिया है।

## फिलिस्तीन' लिखा बैग लेकर संसद पहुंची प्रियंका गांधी, मच गया बवाल

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस का एक बार फिर फिलीस्तीन प्रेम दिखाई दिया है। प्रियंका गांधी की एक तस्वीर सामने आई है जिसमें उनके बैग पर ₹ढं'ी२३ल्ली₹ लिखा हुआ है। कांग्रेस सांसद ये बैग लेकर संसद पहुंची थी। अब इस बैग पर सियासी घमासान शुरू हो गया है। बीजेपी ने प्रियंका गांधी पर हमला किया है। केंद्रीय मंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा कि प्रियंका मुस्लिम वोट के तुष्टिकरण के लिए फिलिस्तीन लिखा बैग लेकर आई हैं।

**बैग के जरिए फिलिस्तीन के समर्थन में नजर आईं प्रियंका:** इस बैग के जरिए एक बार फिर प्रियंका गांधी



फिलिस्तीन के समर्थन में नजर आई हैं। बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं कि प्रियंका गांधी ने फिलिस्तीन का समर्थन किया है। हाल ही में भारत में आए फिलिस्तीन के राजदूत से उन्होंने मुलाकात की थी। फिलिस्तीनी राजदूत ने प्रियंका को वायनाड लोकसभा चुनाव में जीत की बधाई दी थी।

**प्रियंका ने इजराइल पर साधा था निशाना:** इस साल अक्टूबर में हमास और इजराइल के बीच शुरू हुई जंग को एक साल पूरे होने पर भी प्रियंका गांधी ने इजराइल पर निशाना साधा था। गाजा में बढ़ती मौतों के बीच प्रियंका ने इजराइल पर हमला बोला था। कांग्रेस सांसद ने कहा था, "गाजा में 7,000 लोगों की हत्या के बाद भी और हिंसा का सिलसिला नहीं रुका है। इन 7,000 लोगों में से 3,000 मासूम बच्चे थे।" वायनाड में चुनाव लड़ते समय भी लगातार प्रियंका गांधी ने फिलिस्तीन का मुद्दा उठाया है।

## शंभू बॉर्डर पर आंदोलन तेज! पंजाब के बाहर ट्रैक्टर मार्च शुरू, सैकड़ों की संख्या में सड़कों पर किसान

**लोक तंत्र की आवाज़**

**नई दिल्ली।** शंभू बॉर्डर पर आंदोलन तेज हो गया है, आज किसान पंजाब के बाहर अपने–अपने ट्रैक्टर के साथ मार्च कर रहे हैं। इस ट्रैक्टर मार्च में सैकड़ों की संख्या में किसान सड़कों पर नजर आ रहे हैं। बीते दिन किसान नेता ने सरवन सिंह पंधेर सिंह ने ऐलान किया था कि 16 दिसंबर को पंजाब के बाहर किसान ट्रैक्टर मार्च निकालेंगे। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने यह भी कहा कि मार्च के बाद 18 दिसंबर को पंजाब में 'रेल रोको' अभियान चलाया जाएगा। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब कुछ



घंटों पहले ही 101 किसानों के जत्थे को पुलिस ने सुरक्षा कारणों से शंभू बॉर्डर पर रोक दिया था और फिर उसे दिन भर के लिए वापस बुला लिया गया।

**किसान नेता ने किया ऐलान:** किसान नेता पंधेर ने न्यूज एजेंसी एएनआई से कहा, ₹16 दिसंबर को पंजाब के बाहर ट्रैक्टर मार्च निकाला जाएगा और 18 दिसंबर को हमने पंजाब में 'रेल रोको' का आह्वान किया है। हम सभी पंजाबियों से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपील करते हैं।₹ बता दें कि इससे पहले दिन में सुरक्षा बलों ने शंभू बॉर्डर से दिल्ली की ओर मार्च कर रहे किसानों के जत्थे ('दिल्ली कूच') को तितर–बितर करने के लिए आंसू गैस और पानी की बौछार की थी। लेकिन किसान पुलिस बैरिकेड्स और भारी तैनाती के बावजूद अपने विरोध पर अड़े रहे। पंधेर ने इसे लेकर दावा किया कि शंभू बॉर्डर पर प्रदर्शनकारियों को तितर–बितर करने के लिए पुलिस द्वारा आंसू गैस और पानी की बौछारों का इस्तेमाल किए जाने के बाद 17 किसान घायल हो गए। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कई किसानों की हालत गंभीर है इलाज में लापरवाही बरती जा रही है।

## यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने बीजेपी को दिया समर्थन,कहा-इससे नहीं रुकेंगे जनहित का कार्य

**लोक तंत्र की आवाज**

**यूपी प्रभारी रत्ना शुक्ला की रिपोर्ट**

**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी की अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि बसपा संसद में पेश किए जाने वाले 'एक देश एक चुनाव' विधेयक का समर्थन करेगी। उन्होंने कहा कि एक चुनाव होने से विकास कार्य नहीं रुकेंगे और जनहित के कार्यों को भी चुनाव के चक्कर में नहीं रोकना पड़ेगा। साथ ही राजनीतिक दलों पर चुनाव के खर्च का बोझ कम पड़ेगा। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि 'एक देश एक चुनाव' के मुद्दे पर दलगत



राजनीति से ऊपर उठकर सोचना होगा।

**कांग्रेस पर बोला तीखा हमला:** रविवार को बसपा मुख्यालय लखनऊमें उन्होंने पत्रकारों से कहा कि डॉ. भीमराव आंबेडकर जब कानून मंत्री थे तो उन्होंने देखा कि कांग्रेस संविधान के हिसाब से काम नहीं कर रही है तो उन्होंने तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को अपना इस्तीफा दे दिया था। कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को संसद में बोलने नहीं दिया था तो उन्होंने मीडिया के सामने अपनी बात रखी थी। उन्होंने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से संविधान व आरक्षण की आड़ लेकर एससी/एसटी व पिछड़े वर्ग के लोगों के हितों को किनारे करके राजनीति की है। उन्होंने कहा कि संसद में संविधान पर चर्चा हो रही है, लेकिन कांग्रेस व भाजपा एक–दूसरे पर आरोप–प्रत्यारोप लगा रही हैं।

### कांग्रेस के हथकंडों से सावधान रहें: मायावती

मायावती ने कहा कि संविधान की सार्थकता तभी पूरी होगी जब उसे खुले मन स्वीकार किया जाए। अगर यह संभव होता तो आज 80 लोगों को बेरोजगारी व मजबूरी के चलते सरकारी अनाज पर निर्भर न होना पड़ता। कांग्रेस ने बाबा साहेब को भारत रत्न भी नहीं दिया था। वीपी सिंह की सरकार ने उन्हें भारत रत्न की उपाधि दी थी। इसी प्रकार बसपा के संस्थापक कांशीराम की मृत्यु के बाद कांग्रेस ने एक दिन का राष्ट्रीय शोक भी घोषित नहीं किया था। उन्होंने लोगों से अपील की कि वह कांग्रेस के हथकंडों से सावधान रहें।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मूर्तियां गांव में दो पक्षों में हुई मारपीट की घटना में सात लोग हुए जख्मी, पीएचसी सिरदला में किया गया इलाज



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
सिरदला थाना क्षेत्र के मूर्तियां गांव में दो पक्षों में मारपीट की घटना हुई है। जिसमें एक पक्ष से चार तथा दूसरे पद से तीन लोग जख्मी हो गए हैं। सभी जख्मी लोगों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिरदला में किया गया है। घटना की सूचना थाने में दी गई है। घटना का कारण पीसीसी रोड काटकर टंकी बनाने के कारण संकीर्ण रोड होने से एक ट्रैक्टर के द्वारा बाइक में शट जाना बताया गया है। इस टंकी बनाने मामले में पहले ही थाने में ग्रामीणों के द्वारा हस्ताक्षर युक्त लिखित आवेदन दिया गया है।

### पुलिस ने तीन वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा न्यायालय



**प्रदीप प्रसाद संवाददाता सिरदला**
परना डाबर पुलिस ने क्षेत्र के खटॉगी गांव में छापेमारी कर फरार चल रहे तीन एनबीडब्लू वारंटी को गिरफ्तार किया है।परना डाबर थानाध्यक्ष रंजन चौधरी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार वारंटी की पहचान खटॉगी गांव निवासी मोहम्मद आबिद के पुत्र महताब आलम तथा मोहम्मद कुर्बान के पुत्र साबिर एवं जाबीद बताया गया है। जिसे पुलिस ने न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया है।

### वारिसलीगंज : शहीद चंदन के शहादत की प्रथम बरसी पर होगी दौड़ प्रतियोगिता



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** शहीद जवान चंदन सिंह की प्रथम शहादत दिवस पर कार्यक्रम की रूप रेखा निर्धारण को ले स्मारक निर्माण समिति से जुड़े सदस्यों की बैठक रविवार को स्थानीय जिला परिषद डाक बंगला में संपन्न हुई।बैठक में क्षेत्र के सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ताओ के अलावे युवाओ की बड़ी भागीदारी रही।इस क्रम में शहीद के ग्रामीण सह युवा मुखिया अभिनव आनंद एवं उत्साही युवा पीयूष प्रेम सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि आगामी 21 दिसंबर 2024 चंदन सिंह की प्रथम शहादत दिवस है।इस मौके पर कई कार्यक्रम निर्धारित किया गया है।जिसमें मुख्य रुप से युवाओ के बीच 1600 सौ मीटर का दौड़ प्रतिस्पर्धा का आयोजन,शहीद का गांव नारोमुरार में नवनिर्मित शहीद समाधि स्थल का उदघाटन एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम तय है।जबकि दौड़ प्रतिस्पर्धा में सफल 10 युवाओ को आयोजित कार्यक्रम के दौरान पुरस्कृत करने की योजना पर गहनता पूर्वक बिचार विमर्श किया जाएगा। ततपश्चात भक्ति संगीत से ओतप्रोत गीतों वाला डीजे के साथ बाइक रैली एवं तिरंगा यात्रा शहीद चंदन सिंह चौक वारिसलीगंज बायपास पहुंचकर निर्माणाधीन स्मारक को नमन किया जाना है। बैठक में जिला पार्षद अंजनी सिंह,मुखिया राजकुमार सिंह,मुखिया प्रतिनिधि कुमुद सिंह,मुखिया संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष गौतम कुमार, मुखिया अभिनव आनंद, विधायक प्रतिनिधि शैलेंद्र सिंह, नप के पूर्व वार्ड पार्षद संजय कुमार,तृपित सिंह,बबलू कुमार,सिमरी डीह निवासी युवा रणवीर सिंह आदि ने अपने विचार से अन्य लोगो को अभिसिंचित किया।

# गन्ना उत्पादन में अग्रणी वारिसलीगंज क्षेत्र में गन्ना की खेती हो गयी विलुप्त

लोकतंत्र की आवाज

**सिर्फ छठ एवं जेठान पर्व के दौरान बाजार में देखने को मिलती है गन्ना**



**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** बिहार स्टेट सुगर कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा वारिसलीगंज में स्थापित चीनी मिल के चालू रहने की स्थिति में वारिसलीगंज का इलाका गन्ना उत्पादन में अग्रणी रहा था।परंतु सरकार की किसान विरोधी नीति के कारण चीनी मिल बन्द हुआ और किसानों की आर्थिक आमदनी का जरिया पर करारा प्रहार हुआ।तब से क्षेत्र के किसान अपनी उर्वर भूमि पर गन्ना की जगह धान एवं गेहूं की बोआई करने लगे हैं।क्षेत्र में गन्ने की की खेती विलुप्त हो चुकी है।अब स्थिति यह है कि छठ व्रत एवं जेठान (देवोत्थान एकादशी) के अवसर पर बिक्री के लिए पड़ोसी जिला शेखपुरा के नीमी अम्बारी आदि गावो एवं झारखंड के गिरिडीह से मंगवाते है।तीन दशक पहले तक गन्ना नगरी के रूप में अपनी पहचान रखने वाला वारिसलीगंज में गन्ने की खेती अब गुजरे जमाने की बात हो गई।गन्ने से रस से बनने वाला साँधा गुड़,गन्ने का कचरस का स्वाद को अब नई पीढ़ी के बच्चों को नहीं मालूम है।जबकि गन्ने के उत्पादन से किसानों की सम्पन्नता की धान गेहूं का उत्पादन तक सिमट कर रह गया है।गन्ने के खेतों में कार्य करने वाले कुछ और वे युवाओ में भटकाव आया,और वे साइबर ठगी,बालू का अवैध खनन तथा शराब की तस्करी एवं निर्माण से जुड़ते जा रहा है।गन्ने की मिठास अब किस्से कहानियों में सिमट कर रह गया है। बता दे की वारिसलीगंज में आजादी के पहले भी बड़ी मात्रा में गन्ने की खेती की जाती थी। जिससे रावा, गुड व मगही चीनी बनाई जाती थी। जिसकी मांग पूरे बिहार में था।जिसे देखकर कुछ उद्योगपति के द्वारा राबा और गुड़ निर्माण के लिए वारिसलीगंज में फैक्ट्री का निर्माण कराया गया। जिससे किसानों को नगदी आमदनी होने लगा। जिस कारण क्षेत्र के पर्याप्त भूभाग में गन्ने की खेती किसानों द्वारा की जाती थी।किसानों का शौर्य से उपजाए जा रहे गन्ने को देखकर गया के एक व्यापारी रामचंद्र प्रसाद के द्वारा देश को आजादी मिलने के पहले ही वारिसलीगंज में चीनी मिल की स्थापना की गई।लेकिन पारिवारिक कारण से चीनी मिल चालू नहीं हो सका।अंततः बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉक्टर श्री कृष्णा सिंह के प्रयास से 1950 में बंद पड़ी चीनी मिल पंजाब के उद्योगपति करमचंद थापर को खोलने के लिए दिया गया।जिसने चीनी मिल खोलकर अच्छी तरह से मिल का संचालन किया। जिससे उद्योगपति के साथ-साथ किसानों को भी काफी फायदा हो रहा था।लेकिन बाद में सरकार द्वारा उद्योगपति से चीनी मिल लेकर चीनी निगम को सौंप दी गई।तब से चीनी मिल की उल्टी गिनती शुरू हो गई और अंततः 1993 में मिल को घटा में दिखाकर बंद कर दिया गया।मिल बंद होने के बाद से अब तक लगभग तीन दशक से अधिक समय से क्षेत्र में गन्ने की खेती नहीं हो रही है। जिस कारण प्रखंड क्षेत्र के युवा जो 30 से 35 वर्ष तक के हैं।उन्हें गन्ने से होने वाले फायदे, लगाने की विधि आदि की जानकारी नहीं है।वही गन्ना नगरी में पैदा हो रहे बच्चे किताबों में गन्ने की पौधा देखकर गन्ने की फसल की पहचान करते हैं। छठ महापर्व और जेठान पर्व के मौके पर प्रखंड क्षेत्र के लगभग सभी घरों में गन्ने लाकर भगवान की पूजा पूजा अर्चना की जाती है।जो अभी भी जारी है।लेकिन प्रखंड क्षेत्र में लगभग नहीं के बराबर गन्ने की खेती की जाती है।वहीं कुछ किसानों द्वारा छठ में बिक्री या राबा निकालने के लिए गन्ने की फसल लगाया जाता है।लेकिन अकेले खेत में फसल लगाना किसानों के लिए परेशानी का सबब बन जाता है,और फसल को बचाने के लिए निगरानी करनी पड़ती है।जिस कारण छठ और जेठान में गन्ने की मांग को पूरा करने के लिए व्यवसायी उत्तर प्रदेश आदि राज्यों से गन्ने मांगते हैं।जिसे खरीद कर क्षेत्रवासी भगवान की पूजा अर्चना करते हैं।

## मानपुर जी.डी पब्लिक स्कूल में लगाया गया मेगा चिकित्सा शिविर



लोकतंत्र की आवाज़

**● लगभग तीन हजार लोगों का किया गया नि:शुल्क इलाज**

**गया।** मानपुर प्रखंड स्थित लक्खीबाग मोहल्ला नियर खादी ग्राम उद्योग के पास जी.डी पब्लिक स्कूल के प्रांगण में मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा मरीजों का निःशुल्क जांच किया गया है। इसके साथ ही उन्हें परामर्श भी दिया गया है। जहां बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उनके अभिभावक एवं शहर के गणमान्य लोग शामिल हुए हैं।इस मौके पर जी.डी पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर धर्मशाही ने बताया कि स्कूल के प्रांगण में मेगा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें तीन हजार लोगों का इलाज हेतु रजिस्ट्रेशन कराया गया है। सभी लोगों का निशुल्क जांच किया गया। साथ ही चिकित्सकों के द्वारा उन्हें उचित परामर्श भी दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहर के प्रख्यात चिकित्सक इस शिविर में शामिल हुए हैं, जहां उन्होंने अपनी सेवायें दी है। इसके लिए हम इन्हें धन्यवाद भी देते हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल में बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य हित को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। क्योंकि जब बच्चे स्वस्थ रहेंगे तभी वे अच्छी शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे और अपने जीवन के मुकाम को हासिल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ छात्र-छात्राओं को ही नहीं बल्कि, उनके अभिभवकों और शहर के अन्य लोगों को भी इलाज हेतु आमंत्रित किया गया है, ताकि वे अपने बीमारी के बारे में जानकारी ले सके और समय पर उचित इलाज कर सके हैं ।यह शिविर निःशुल्क आयोजित किया गया है. आने वाले समय में भी इस तरह का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉ. नवनीत निश्चल, डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह, संगीता सिन्हा, नीरज कुमार, ऋषिकेश कुमार, क्रांति किशोर, बी.डी शर्मा, तेजस्विनी नंदन, अनुराग कुमार, शैलेंद्र कुमार, ज्योति राय,आलोक कुमार सहित अन्य डॉक्टर मौजूद थे।

## स्वतंत्रता सेनानी ज्वाला सिंह की कार्यक्रम के साथ आज पुण्य तिथि

लोकतंत्र की आवाज

**वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन)।** वारिसलीगंज प्रखंड क्षेत्र के अपसढ़ ग्रामीण स्वतंत्रता सेनानी ज्वाला प्रसाद सिंह की 44 वीं पुण्य तिथि 17 दिसंबर 24 मंगलवार को मनाई जाएगी।इस दौरान जेपीएस आईटीआई परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर श्रद्धाभाव के साथ स्वतंत्रता सेनानी स्व सिंह की आदम कद मूर्ति पर माल्यार्पण किया जाना है,बाद गरीब एवं वस्त्रहीनो के बीच कम्बल वितरण किया जाएगा। इसके अलावा आई टी आई में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के बीच पुरस्कार वितरण किया जाएगा।कार्यक्रम में नवादा के पूर्व सांसद चंदन सिंह के अलावा स्थानीय पूर्व जिला पार्षद




अखिलेश सिंह कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसकी जानकारी स्वतंत्रता सेनानी के पुत्र अपसढ़ पंचायत की मुखिया राजकुमार सिंह ने दी है।

## औरंगाबाद जिला माली थाना के अंतर्गत मंझौली खम्मा ग्राम कांड के बलात्कार एवं हत्या के विरोध में काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया

लोक तंत्र की आवाज

**बिहारशरीफ।** बिहारशरीफ के अस्पताल चौक पर औरंगाबाद जिला के माली थाना अंतर्गत मंझौली खम्मा ग्राम निवासी बहन पूजा कुमारी के साथ सामूहिक बलात्कार एवं हत्या के खिलाफ अति पिछड़ा/ दलित/अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के तत्वाधान में काला बिल्ला लगाकर विरोध जताया।

इस मौके पर अति पिछड़ा/ दलित/ अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामदेव चौधरी ने कहा कि मंझौली खम्मा निवासी दीपूल और टीपूल दोनी 9/ 12./2024 को दिन के 12 बजे बहन पूजा कुमारी के घर जाकर माचिस मांगने के बाद बगल में जाकर गंज पीने लगता है। माचिस



लेने के क्रम में बहन पूजा कुमारी का हाथ पकड़ लेता है और छोड़ देता है। गांजा पीकर पुणः माचिस लौटाने के क्रम में बहन पूजा कुमारी के घर घुस जाता है और बहन पूजा कुमारी को पकड़ कर उसके ही घर में दोनों मिलकर बलात्कार कर हत्या कर देता है और अंजाम देने के बाद दोनों फरार हो जाता है क्योंकि उस समय बहन पूजा कुमारी के घर में कोई नहीं था क्योंकि सारे लोग उस समय खेत में धान काटने चले गए थे।

इस घटना में संलिप्त सभी अपराधी को गिरफ्तार कर स्पीड ट्रायल के तहत फांसी की सजा हो।

पीडिता के परिवार को एक सरकारी नौकरी एवं एक करोड़ रूपया सरकार मुआवजा दे तथा सुरक्षा मुहैया किया जाए। नबीनगर के थाना प्रभारी शैलेंद्र कुमार सिंह को निलंबित किया जाए।

इस मौके पर अति पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक संघर्ष मोर्चा के जिला महासचिव उमेश पंडित जिला उपाध्यक्ष महेंद्र प्रसाद मनोज राम पंकज कुमार उसका क्या नाम है तुम्हारा क्या नाम है दीपक कुमार आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## जन आरोग्य समिति का उद्देश्य के बारे में सदस्यों को दी गई जानकारी

लोक तंत्र की आवाज



**नरहट (नवादा)।** सोमबार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभागार में चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विनोद कुमार की अध्यक्षता में ₹जन आरोग्य समिति₹ के सदस्यों का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नरहट एवं पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से किया गया। इस उन्मुखीकरन कार्य शाला में पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया की प्रतिनिधि शीला कुमारी के द्वारा जन आरोग्य समिति का उद्देश्य के बारे में सदस्यों को जानकारी दी गयी, एवं जिला प्रतिनिधी नवीन कुमार पाण्डेय के द्वारा जन आरोग्य समिति के बारे आये हुए सदस्यों को उनकी रोल एंड रेस्पोंस्बिलिटी के बारे उन्हें जानकारी दी गई। सदस्यों को समिति की भूमिका और समस्याओं के निबंधन के ऊपर जानकारी दिया गया। इस कार्यक्रम में पंचायती राज पदाधिकारी श्रीमती शिल्पी नेहरु ने बताया की इस उन्मुखीकरण का मुख्य उद्देश्य समिति के सदस्यों को उनकी भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना और उन्हें समुदाय के साथ प्रभावी संवाद स्थापित करने के लिए सशक्त बनाना है जिसे सभी के द्वारा किया जाना आवश्यक है। क्योंकि यह सभी जनहित के लिए है। कार्यक्रम में मुखिया धनंजय कुमार, निर्मला देवी, सोना देवी ,जीविका से पुष्प कुमारी,स्वास्थ्य प्रबंधक शांता शवामी , ,जीविका सीएम ,महिला प्रव्वेक्षिका पूनम कुमारी,माधवी कुमारी,सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी, आशा फैसिलिटेटर, आईसीडीस और जनप्रतिनिधियों सहित कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया। इस अवसर पर बिहार में समिति द्वारा किए गए सफल प्रयासों को साझा किया गया, और सदस्यों को सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं में उनकी भूमिका की महत्ता समझाई गई। अनटाइड फंड के सही उपयोग, नियमित बैठकें आयोजित करने, और सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रतिभागियों ने भविष्य की कार्य योजनाओं को प्रभावी बनाने और समुदाय के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम के समापन पर प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और समिति के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए। यह पहल समिति के सदस्यों को प्रोत्साहित करते हुए उनके कार्यों में दक्षता और समुदाय से जुड़ाव बढ़ाने में सहायक होगी।

## सामाजिक उत्थान को लेकर सीतामढ़ी मेला में जुटे चौधरी समाज के दिग्गज, समाज के पुरोधा महाराजा बिजली पासी की प्रतिमा स्थापित सहित अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

लोक तंत्र की आवाज



**मेसकौर(नवादा)।** सामाजिक उत्थान एवं विकाश को लेकर जिले के प्राचीन व ऐतिहासिक सीतामढ़ी मेला में जिला के चौधरी समाज के दिग्गज नेताओं का सोमवार को जुटान हुआ। इस दौरान काफी संख्या में चौधरी समाज के लोगों नें भाग लेकर अपनी चट्टानी एकता का परिचय दिया। समाजिक एकजुटता पर चर्चा करते हुए राजद की वरीय नेत्री पिंकी भारती ने कहा कि आपसी एकता से हीं समाज को मजबूती मिलती है। इसके लिए समाज के लोगों के सुख दुःख के साथ हमलोग हमेशा जुड़ने का प्रयास करते आए हैं, जो निरंतर जारी रहेगा। आपके एक आवाज पर पिंकी भारती आपके साथ हर वक्त मजबूती के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। वहीं सिरदला की जिलापार्षद बसंती देवी ने भी समाजिक उत्थान में अपना भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। पूर्व जिलापार्षद और राजद नेत्री प्रेमा चौधरी ने भी अपने साथ और सहयोग का आश्वासन दिया। उपस्थित लोगों नें सीतामढ़ी स्थित धर्मशाला की बेहतर रखरखाव के साथ हीं धर्मशाला परिसर में समाज के पुरोधा रहे महाराजा बिजली पासी की भव्य प्रतिमा स्थापित करने के साथ हीं धर्मशाला के बाउंड्री वॉल कराने का निर्णय लिया गया। बता दें कि माता सीता कि निर्वासन स्थली रहे सीतामढ़ी में प्रत्येक वर्ष अगहन पूर्णिमा के अवसर पर मेला के साथ हीं विभिन्न जातियों का जातीय सम्मेलन भी होता रहा है। इस ऐतिहासिक तीर्थ स्थली पर हिंदू समाज के लगभग प्रत्येक जातियों कि धर्मशाला बनी हुई है, जहाँ मेला के साथ हीं जातीय एवं सामाजिक उत्थान को लेकर प्रत्येक वर्ष प्रत्येक समाज के लोगों की जुटान यहाँ की धरती पर होती है।

# प्राइवेट स्कूलों ने काला बिल्ला लगाकर जताया विरोध

लोक तंत्र की आवाज

**नरहट (नवादा)।** सरकार द्वारा प्रतिपूर्ति की राशि विगत छह साल से नही दिए जाने के विरोध में फिरोज़ान हायर एजुकेशनल अकैडमी, छोटा शेखपुरा, नरहट समेत प्रखण्ड के अन्य प्राइवेट स्कूलों के शिक्षक एवं संचालकों ने काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध प्रदर्शन किया। फ़िरोजन स्कूल के संचालक मो अल्ताफ अंसारी ने बताया कि आरटीई अधिनियम सत्र 2011 में केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया था, जिसे बिहार सरकार ने गरीब बच्चों के हित में अपनाया। इस अधिनियम के तहत यह प्रावधान है कि प्रत्येक प्राइवेट स्कूल प्रथम वर्ग में 25% गरीब बच्चों का नामांकन करेगा और उन्हें आठवीं वर्ग तक मुफ्त शिक्षा प्रदान करेगा। इन बच्चों से स्कूल शुल्क नहीं लिया जा सकता है। इन बच्चों के शिक्षण शुल्क की प्रतिपूर्ति राशि सरकार को देनी है। हालांकि, यह प्रतिपूर्ति राशि पिछले 6 वर्षों से सरकार द्वारा नहीं दी गई है। इस समस्या को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिलाधिकारी, शिक्षा सचिव बिहार सरकार, प्रधान सचिव बिहार सरकार, शिक्षा मंत्री बिहार सरकार, और मुख्यमंत्री बिहार सरकार को कई बार पत्र लिखा गया। नवादा जिला अध्यक्ष प्रोफेसर बिजय कुमार ने भी कोरोना काल में मुख्यमंत्री के जनता दरबार में इस विषय पर गुहार लगाई, लेकिन आज तक कोई समाधान नहीं हुआ। प्रतिपूर्ति राशि के भुगतान में देरी के कारण मध्य और छोटे स्तर के स्कूल गंभीर वित्तीय संकट में हैं। इनमें सबसे ज्यादा गरीब बच्चे पढ़ते हैं। इस स्थिति में, गरीब बच्चों को पढ़ाने वाले ये स्कूल बंद होने की कगार पर हैं, लेकिन सरकार ने अभी



तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया है। इसी के तहत प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन, नवादाआंदोलन के लिए बाध्य हो गया है। आज नवादा जिले के सभी प्राइवेट स्कूलों ने काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध दर्ज किया। यदि सरकार इस समस्या पर जल्द कार्रवाई नहीं करती है, तो 23 दिसंबर, सोमवार को शाम 5:00 बजे नवादा के प्रमुख सड़कों पर कैंडल मार्च किया जाएगा। इसके बाद भी यदि सरकार अनसुनी करती है, तो 8 जनवरी, बुधवार को समाहरणालय, नवादा के समक्ष धरना दिया जाएगा। इस कार्यक्रम में प्राइवेट स्कूल एंड चिल्ड्रन वेलफेयर एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद समायल अहमद और अन्य प्रांतीय एवं राष्ट्रीय नेता नवादा आकर इस आंदोलन को धारदार बनाएंगे।

यदि इसके बावजूद भी सरकार ने प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान नहीं किया, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिलाधिकारी कार्यालय में तालाबंदी की जाएगी। सरकार के इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण गरीब बच्चों की शिक्षा बाधित हो रही है। ऐसी स्थिति में स्कूल भविष्य में इन बच्चों का नामांकन लेने में असमर्थ होंगे। यदि गरीब बच्चों को शिक्षित करना है, तो सरकार को प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान करना ही होगा।

## विजय दिवस अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन ने सभी वीर जवानों को नमन

लोकतंत्र की आवाज़

**गया।** राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के द्वारा प्रदेश कार्यालय मे देश के वीर जवानों के प्रति विजय दिवस, पर खुशी मनाते हुए 1971सैनिकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने कहा16 दिसंबर 1971 का दिन भारत के गौरवशाली इतिहास में विजय और पराक्रम का प्रतीक है। इस दिन भारतीय सेना ने अपने अदम्य साहस, अनुशासन और देशभक्ति का परिचय देते हुए पाकिस्तानी सेना को निर्णायक रूप से पराजित किया और बांग्लादेश को स्वतंत्रता दिलाई है। इस ऐतिहासिक विजय ने भारत की सैन्य शक्ति और वैश्विक कूटनीति को एक नई ऊंचाई दी है।आज विजय दिवस के इस पावन अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मैं देश के उन सभी वीर जवानों को



नमन करता हूं, जिन्होंने राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है। हमारे सैनिक न केवल देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हैं, बल्कि आपदाओं और संकटों के समय भीअपनी कर्तव्यनिष्ठा और समर्पण का परिचय देते हैं। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता ने कहा1971 के युद्ध में भारतीय सेना ने केवल अपनी सैन्य शक्ति का प्रदर्शन नहीं किया है,बल्कि मानवाधिकरों की रक्षा का एक अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। 93,000 सेअधिक पाकिस्तानी सैनिकों को युद्धबंदी के रूप में मानवीय व्यवहार प्रदान करना हमारे सैनिकों के चरित्र की महानता को दर्शाता है।हमारी सेना के वीर जवान हमारे असली नायक हैं। उनकी अदम्य वीरता और बलिदान से ही हम आज स्वतंत्र और सुरक्षित जीवन जी रहे हैं। हमें अपने सैनिकों और उनके परिवारों का हर संभव समर्थन और सम्मान करना चाहिए।आइए, इस विजय दिवस पर हम सभी यह संकल्प लें कि हमारे वीर सैनिकों की कुर्बानियों को व्यर्थ नहीं जाने देंगे। हम उनके प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे विजय दिवस पर खुशी का इजहार करने वालों में भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन का कार्यवाहक अध्यक्ष राणा रणजीत सिंह, सुनील बंबईया अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष सह लाल सिद्धिकी उर्फ़ लाल बाबू अधिवक्ता नागेंद्र प्रसाद शर्मा, अधिवक्ता महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता आदि।

## संक्षिप्त खबरें ।

### यूपी के कई जिलों में घना कोहरा और शीतलहर की चेतावनी, पढ़िए मौसम विभाग का लेटेस्ट अपडेट

रत्ना

उत्तर प्रदेश में ठंड का प्रकोप जारी है। दिन में धूप खिलने के बाद भी शाम ढलते ही ठंडी हवाओं ने गलन का एहसास कराना शुरू कर दिया है। प्रदेश के कई जिलों में सुबह और रात के समय घना कोहरा छाया हुआ है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक कई जिलों में घने कोहरे और रात के तापमान में गिरावट की चेतावनी दी है।प्रदेश के कई जिलों में सुबह और रात के समय घना कोहरा छाया हुआ है। जबकि कई जिलों में शीतलहर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो दिन उत्तर प्रदेश के कई जिलों में घना कोहरा रहेगा, रात के तापमान में और गिरावट हो सकती है।16 और 17 दिसंबर को आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं और आसपास इलाकों में घना कोहरा रहेगा। वहीं, गोंडा, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और आसपास क्षेत्र में शीतलहर की चेतावनी दी गई है।

### वधिानसभा में सपा का जबरदस्त हंगामा, कुछ देर के लएि स्थगित कयिा गया सदन



रत्ना

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व व मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश ने विगत साढ़े सात वर्ष में विकास व सुरक्षा के नए प्रतिमान स्थापित किए हैं। यूपी में विकास सुरक्षा समृद्धि आस्था व आधुनिकता का जो संगम देखने को मिल रहा है उसका रास्ता भी इसी विधानमंडल से प्रारंभ होता है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र से पहले सोमवार को पत्रकारों से बातचीत की।विधानमंडल सार्थक बहस का मंच बने, इसमें सबके सहयोग की अपेक्षा है। विपक्षी दलों के साथियों से भी आग्रह है कि वे तैयारी के साथ आएं। सीएम ने कहा कि हमारा सदन सार्थक मुद्दों पर चर्चा के लिए जाना जाए, इस विश्वास के साथ पूरे शीतकालीन सत्र को सुगमतापूर्वक संचालन की अपील करता हूं। यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि देश जिस अमृतकाल में प्रवेश कर प्रधानमंत्री मोदी जी की संकल्पनाओं के अनुसार विकसित भारत के निर्माण के पवित्र अभियान के साथ जी जान से जुड़ा है, उसमें उप्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। उत्तर प्रदेश को केंद्र में रखकर अनेक स्वाधीनता संग्राम सेनानी देश की आजादी के अभियान के साथ जुड़े थे। उत्तर प्रदेश को अनेक क्रांतिकारियों की कर्मभूमि व जन्मभूमि होने का भी सौभाग्य प्राप्त है।

### पुलिस के दरवाजे पीड़ितों के लिए 24 घंटे खुले हैं: रामप्रताप



नजीबाबाद। मंडावली के नवनियुक्त थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने मंडावली थाने का चार्ज लेने के बाद रविवार को क्षेत्र के गणमान्य लोगों व पत्रकार बंधुओ के साथ एक परिचय मीटिंग आयोजित कर सभी से परिचय कर संवाद किया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह ने परिचय मीटिंग में क्षेत्र के लोगो से अपराध की रोकथाम में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा की क्षेत्र की जनता व पत्रकारों का सहयोग बहुत ही अहम होता है। उन्होंने कहा कि उनके दरवाजे पीड़ितों के लिए चौबीस घंटे खुले हैं। क्षेत्र में कोई भी गैर कानूनी कार्य नहीं होने दिया जाएगा। पीड़ितों को हर सम्भव न्याय दिलाया जाएगा। उन्होंने सभी से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए कहा की नशा एक नहीं बल्कि पूरे परिवार को बर्बाद कर देता है। इसलिए हर प्रकार के नशे से दूर रहे। ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने पुलिस से निष्पक्ष कार्य करने व सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करने को अपेक्षा की। मीटिंग में भागूवाला चौकी इंचार्ज संजय कुमार, एसएसआई योगेंद्र सिंह, एसआई महेश कुमार, देवपाल सिंह क्षेत्र के माजिद हुसैन, डॉ. रूपराम सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, मोहम्मद शाहिद, मौहम्मद अली, हाजी अब्दुल वाहिद, फुरकान अहमद, मास्टर फरीद अहमद, वाजिद मकरानी, चौधरी ईशम सिंह, अनुज चौधरी, मनोज राठी, पुनीत कुमार, नौबहार सिंह, इरफान अहमद, नईम अहमद, मुस्तकीम अहमद, कमल सिंह, दलीप कुमार, फराहीम अहमद, सुभाष त्यागी, मुदित त्यागी, मौहम्मद नाजिम एडवोकेट आदि उपस्थित रहे।

# योगी बोले-संभल में 1947 से अब तक 209 हिंदुओं की हत्या: किसी ने 2 शब्द नहीं कहे, हाल में मारे गए लोगों पर आंसू बहा रहे

लोकतंत्र की आवाज़

रिपोर्ट जसवीर सिंह



यूपी विधानसभा के पहले दिन यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल और बहराइच हिंसा पर विपक्ष को जवाब दिया। यूपी विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को उट योगी आदित्यनाथ ने कहा- संभल में 1947 से अब तक हुए दंगों में 209 हिंदू मारे गए हैं। किसी ने एक बार भी उन निर्दोष लोगों के लिए संवेदना व्यक्त नहीं की। ये लोग हाल ही में हुए संभल दंगे पर आंसू बहा रहे हैं। ये लोग सौहार्द की बात कर करते हैं। शर्म आनी चाहिए। संभल में बजरंग बली का जो मंदिर आज निकल रहा है,1978 से उसको इन लोगों ने खुलने नहीं दिया। 22 कुएं किसने बंद किए थे? इन लोगों ने तनावपूर्ण माहौल बनाया। पत्थरबाजी की होगी, माहौल खराब किया होगा। उसमें से एक भी बचने वाला नहीं। किसी निर्दोष पर कार्रवाई नहीं होगी, लेकिन पत्थरबाज और कट्टा चलाने वाले नहीं बचेंगे। भारत में राम-कृष्ण, बुद्ध की परंपरा रहेगी, बाबर और औरंगजेब की नहीं। अब हम न बंटेंगे और न कटेंगे।

योगी ने अब तक प्रदेश में हुए एक-एक दंगे और उनमें मारे गए लोगों को भी गिनाया। बहराइच दंगे में मारे गए रामगोपाल मिश्रा का जिक्र किया।- दंगों के इतिहास से सपा-बसपा और कांग्रेस को घेरा योगी ने ठउफइ डेटा के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया- 2017 से लेकर अब तक प्रदेश में सांप्रदायिक दंगों में 97 से 99 फीसदी तक की कमी आई है। 2017 से अब तक यूपी में दंगे नहीं हुए। 2012 से 2017 (सपा कार्यकाल) तक प्रदेश में 815 सांप्रदायिक दंगे और 192 लोगों की मौत हुई थी।

2007 से 2011 के बीच 616 सांप्रदायिक घटनाएं हुईं, इसमें 121 लोगों की मौत हुई। संभल में माहौल खराब किया गया। 1947 से लगातार दंगे हुए। 1947 में एक मौत और 1948 में 6 लोग मारे गए। 1958-1962 में दंगा, 1976 में 5 लोगों की मौत हुई। 1978 में 184 हिंदुओं को सामूहिक रूप से जला दिया गया। लगातार कई महीनों तक कर्फ्यू लगा। 1980-1982 में दंगा और एक-एक की मौत हुई। 1986 में 4 लोग मारे गए। 1990-1992 में 5, 1996 में दो की मौत हुई। लगातार यह सिलसिला चलता रहा।2- बाबरनामा का जिक्र कर मंदिर-मस्जिद विवाद को रखा सीएम ने नेता प्रतिपक्ष से कहा- बाबरनामा पढ़ना चाहिए। इसमें भी कहा गया है कि हरिहर मंदिर को तोड़कर ढांचा खड़ा किया गया। पुराण भी कहता है कि श्रीहरि विष्णु का 10वां अवतार संभल में होगा। न्यायालय के निर्देश पर डीएम और एसपी शांतिपूर्ण तरीके से सर्वे को संपन्न कराते हैं।19, 21 और 24 नवंबर को सर्वे कार्य चल रहा था। इस दौरान पहले 2 दिन शांतिभंग नहीं हुई। 23 नवंबर को जुमे की नमाज के दौरान जिस प्रकार की तकरीरें दी गईं, उसके बाद माहौल खराब हुआ। उसके बाद की स्थितियां सबके सामने हैं। हमारी सरकार ने पहले ही कहा है कि हम ज्यूडिशियल एक्ट बनाएंगे, जो एक्ट के अंदर बना है। सदन में उसकी रिपोर्ट आएगी, तब दूध का दूध और पानी का पानी होगा। 3- संभल में हिंदुओं की हत्या पर विपक्ष को घेरा सीएम ने कहा- 1947 से अब तक संभल में 209 हिंदुओं की हत्या हुई। एक बार भी निर्दोष हिंदुओं के लिए दो शब्द नहीं कहे गए। घड़ियाली आंसू बहाने वाले लोगों ने निर्दोष हिंदुओं के बारे में दो शब्द नहीं कहे। 1978 में दंगा हुआ। तब एक वैश्य ने सबको पैसा उधार दे रखा था। दंगा होने के बाद हिंदू उनके घर में इकट्ठे हुए, तो उन्हें घेर लिया गया। उनसे कहा गया कि इन हाथों से सूद का पैसा मांगोगे। इसलिए पहले हाथ, फिर पैर और फिर गला काट दिया गया। सौहार्द की बात करने पर इन्हें शर्म नहीं आती।4- कुंदरकी की जीत को लेकर सपा पर निशाना साधा योगी ने कहा- कुंदरकी की जीत को वोट की लूट कहना सदस्य का अपमान है। वहां सपा के प्रत्याशी की जमानत जब्त हो गई। आज डिजिटल मीडिया का समय है। वहां का पठान और शेख कह रहा है कि हमारे पूर्वज हिंदू थे। आपके पूर्वज भी हिंदू थे। यह देसी-विदेशी मुसलमानों की आपसी भिड़ंत है, जो वर्चस्व की लड़ाई को लेकर चल रही है।

सपा सच पर पर्दा डालने का प्रयास कर रही है। लेकिन सूरज, चांद और सत्य को बहुत देर तक कोई छिपा नहीं सकता। सत्य जल्द सामने आएगा। योगी ने कहा- रघुराज प्रताप सिंह ने एक बात साफ की। हम तथ्यों को छुपा कर कब तक जनता को गुमराह करेंगे। हर व्यक्ति जानता है कि कोर्ट के आदेश पर सर्वे हो रहा है। 5- जय श्रीराम और हर-हर महादेव से हिंदुओं को संदेश दिया सीएम ने कहा- मुस्लिम समाज का जुलूस मंदिर के सामने से निकल जाता है, कोई समस्या नहीं होती। हिंदू समाज की शोभायात्रा मस्जिद के सामने से निकलती है, तो दिक्कत क्यों होती है? कल मैं कहूंगा कि मुझे अल्लाह-हु-अकबर का स्लोगन अच्छा नहीं लगता, तो आपको कैसे लगेगा? मैं जय श्रीराम, हर-हर महादेव और राधे-राधे कहकर जिंदगी काट सकता हूं। पश्चिम यूपी के सभी लोग अपने सामान्य संबोधन में राम-राम कहते हैं। ऐसे में 'जय श्रीराम' सांप्रदायिक संबोधन कैसे होगया? हम मिलते हैं, तो राम-राम करते हैं। अंतिम यात्रा में भी राम-राम कहते हैं। हमारा तो कोई काम राम के बिना नहीं होता।

## खटाखट से लेकर 'सपाचट' तक... यूपी उपचुनाव को लेकर शिवपाल यादव पर उट योगी ने कुछ इस अंदाज में ली चुटकी




लोक तंत्र की आवाज

रत्न

लखनऊ। सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने संभल हिंसा और खुदाई में मिली मूर्तियों को लेकर विपक्ष पर हमला बोला। सीएम योगी ने कहा संभल की घटना या कुंदरकी की जीत। जैसे ही सामने आई आपकी खटाखट की असलियत सामने आ गई और जनता ने उपचुनाव में सपाचट कर दिया। उन्होंने शिवपाल पर भी चुटकी ली।सूबे के मुखिया ने कहा, संभल की घटना या कुंदरकी की जीत। जैसे ही सामने आई आपकी खटाखट की असलियत सामने आई, जनता ने कहा- सपाचट। उपचुनाव में 7 सीटें भाजपा और एनडीए गठबंधन ने जीती हैं। सीएम ने सीसामऊ और करहल विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव को याद दिलाते हुए कहा, 2022 में सपा ने करहल सीट करीब 67 हजार वोटों से जीती थी, इस बार मात्र 13 हजार वोटों जीत पर आ गई है। वह भी शिवपाल यादव के कारण। वहां पर चच्चू ने थोड़ी सी कृपा कर दी, नहीं तो वहां पर भी सपाचट था। वहां पर अगली बार सपाचट होगा। इस दौरान शिवपाल यादव ने मुस्कुराते हुए कहा- हम भी देख लेंगे।

## बालिकाओं ने जीता चैंपियनशिप का खिताब

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

बलिया। भारत स्काउट और गाइड उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में मंडलीय रैली का आयोजन शंकर जी इंटर कॉलेज कटवा गहजी आजमगढ़ में आयोजित हुआ। इसमें गुलाब देवी बालिका इंटर कॉलेज ने नगर क्षेत्र जूनियर संवर्ग में प्रथम पुरस्कार के साथ-साथ गाइड विंग में तीनों मंडल में चैंपियनशिप का खिताब जीता। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार और मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज के निर्देशन में कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया था। चैंपियनशिप का खिताब जीतने पर जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने विद्यालय के प्रधानाचार्या पूनम कुमारी, यूनिट लीडर गौरी वर्मा और सभी बच्चों को बधाई शुभकामनाएँ देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया है।

## पार्टी द्वारा संगठन के पदाधिकारियों का चुनाव



लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी

सुखपुर/बलिया। देश के सत्ताधारी दल और देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव के क्रम में बेरूआरूबारी मंडल अध्यक्ष चुनाव हेतु सोमवार को क्षेत्र के विनोद उत्सव वाटिका प्रांगण मे मंडल के चुनाव प्रभारी नंदलाल सिंह की उपस्थिति में अध्यक्ष पद हेतु 6 लोगों ने अपना नामांकन प्रस्तुत किया। मंडल के विभिन्न ग्राम सभा से आये बुथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में सभी उम्मीदवारों का पर्चा लेकर चुनाव अधिकारी ने कार्यकर्ताओं को आपस में सौहार्द बनाए रखने और पार्टी को मजबूत बनाने हेत कदम से कदम मिलाकर चलने का की बात कही।इस दौरान मुख्य रूप से बृजनाथ सिंह, राजेश सिंह, उमेश सिंह, ऋषिकेश सिंह, रेखा सिंह, ममता सिंह, निक्की सिंह, मनीष सिंह, जवाहर चौहान, विनोद पटवा, राकेश गुप्ता, मिराज अहमद, इसत्याक अहमद आदि भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के दिए निर्देश

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी



बलिया। जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में 22 दिसंबर को आयोजित होने वाली यूपीपीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के संबंध में बैठक संपन्न हुई। बैठक में लोक सेवा आयोग से आए समन्वयी पर्यवेक्षक एसके मिश्रा ने यूपीपीसीएस प्रारंभिक परीक्षा को शुचितापूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए लोक सेवा आयोग से जारी गाइडलाइन तथा दिशा निर्देशों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट , केंद्र व्यवस्थापक एवं नोडल अधिकारियों के कर्तव्य/कार्यों की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जनपद में 16 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। यह परीक्षा 02 पालियों- प्रथम पाली की परीक्षा प्रातः 9:30 बजे से 11:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली की परीक्षा अपराहन 2:30 बजे से 4:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षार्थियों को प्रातः 8:00 बजे से 08:45 बजे तक परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश दिया जाएगा। प्रातः 08:45 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं रहेंगी। परीक्षा में कुल 7296 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। जिलाधिकारी ने नियुक्त सभी अधिकारियों को लोक सेवा आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन की विधिवत जानकारी देते हुए कहा कि आयोग की गाइडलाइन को विधिवत पढ़ लिया जाय तथा गाइडलाइन एवं मानक के अनुसार व्यवस्थाएं/दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए परीक्षा सुचितापूर्ण संपन्न कराई जाय। उन्होंने सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट से कहा की परीक्षा के एक दिन पूर्व अपने-अपने परीक्षा केंद्रों का भ्रमण कर आयोग के मानक के अनुसार सभी कार्यवाही सुनिश्चित कर लिया जाय। सीसीटीवी की सक्रियता को सुनिश्चित कर लिया जाय। स्टैटिक मजिस्ट्रेट पूर्ण सतर्कता के साथ ड्यूटी करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। सीटिंग प्लान बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाय। इसके साथ ही यह भी ध्यान दिया जाय कि कोई भी परीक्षार्थी प्रतिबंधित सामग्री परीक्षा कक्ष में लेकर न जाने पाए। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरा, पेयजल तथा पर्याप्त प्रकाश आदि व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्होंने एआरएम रोडवेज से कहा कि परीक्षार्थियों के आने-जाने के लिए पर्याप्त बसों का संचालन सुनिश्चित किया जाय। बैठक में पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, अपर जिलाधिकारी डीपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर, डीआईओएस देवेंद्र गुप्ता सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## उत्तर प्रदेश विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में हंगामे के आसार, दूसरे अनुपूरक बजट समेत कई विधेयक होंगे पास

लोक तंत्र की आवाज

सतीश



लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र सोमवार से शुरू होने जा रहा है। इस सत्र में विपक्षी दल सरकार को संभल हिंसा कानून व्यवस्था महंगाई बेरोजगारी सहित विभिन्न मुद्दों पर घेरने का प्रयास करेंगे। सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 का दूसरा अनुपूरक बजट सहित कई विधेयक पास कराने की तैयारी में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी दलों से सहयोग की अपील की रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई जिसमें उन्होंने दलीय नेताओं से सदन सुचारू रूप से संचालित करने के लिए सहयोग मांगा। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा होने से प्रदेश का विकास होने के साथ ही जनता की समस्याओं का समाधान होता है।

ए। मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि सदन सार्थक चर्चा का माध्यम होता है। इससे ही प्रदेश के विकास कार्यों को रफ्तार मिलती है। सदन के संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, सभी को इसका ध्यान रखना चाहिए। सदन को ज्यादा से ज्यादा समय तक संचालित किया जाए, इसके लिए सभी का सहयोग जरूरी है। प्रदेश के विकास में योगदान देने के लिए सभी दलों के नेताओं को भी प्रयास करना चाहिए।

## भक्त और भगवान की महिमा अपार: साध्वी आर्या पण्डित

लोकतंत्र की आवाज़

घनश्याम तिवारी




सिकन्दरपुर/ बलिया। क्षेत्र के प्रख्यात वनखण्डी नाथ (श्री नागेश्वर नाथ महादेव) मठ परिसर ड्हाँ बिहरा (डहाँ) में आयोजित अद्वैत शिवशक्ति राजसूय महायज्ञ के पाँचवें दिन वैदिक यज्ञमण्डप के अन्तर्गत पं० रेवती रमण तिवारी के आचार्यत्व में पूरे दिन वेदमन्त्रों से पूजन अर्चन आरती स्तवन तथा हवनादि कार्य किये गये। सान्ध्य सत्र श्रद्धालुओं से खचाखच भरे ज्ञानयज्ञ मण्डप में श्रीधाम वृन्दावन से पधारी साध्वी आर्या पण्डित व्यासपीठ से अपने उदबोधन में कहीं कि जिसकी मृत्यु निकट हो उसे क्या करना है श्री शुकदेव स्वामी से राजा परीक्षित द्वारा पूछा गया यही लोक मंगलकारी प्रश्न श्रीमद भागवत का आधार स्तम्भ है। प्रश्न का समाधान शुकदेव जी भक्ति का उपदेश देते हुए कर देते हैं क्योंकि ऋषि द्वारा शापित परीक्षित की आयु मात्र सात दिन अवशेष रह गयी थी। साध्वी ने (सृष्टि सृजन) की चर्चा में कहा कि अण्डज, पिण्डज, उद्भिज, स्वेदन के बाद मानव की सृष्टि हुई। ब्रह्मा से उत्पन्न मनु - शतरूपा द्वारा सृष्टि का विस्तार हुआ / आगे चलकर उत्तानपाद और सुनीति के पुत्र भगवद्भक्त ध्रुव हुए जिन्हें भगवान की गोद में बैठने का सु-अवसर मिला। सुनीति ने सभी माताओं को शिक्षा दी कि माताएँ चाहें तो स्वयं द्वन्द्व से बचकर समाज और कुटुम्ब को समरस बना सकती हैं। ऐसे ही शंकर द्वारा परित्यक्ता सती भी जन्म-जन्मान्तर में शंकर जी को ही पति रूप में प्राप्त करने की कामना करती हैं जो कि नारी समाज के लिए शिक्षा है। ध्रुव पाँच वर्ष का बालक है तथापि उसमें सत्स्वरूप परमात्मा के प्रति निष्ठा है, उसमें दुर्गुण नाम की कोई चीज नहीं। रावण अहंकारी था, अतः उसका विनाश हुआ। लोहा को आग में तपाते हैं और तब जैसा चाहें वैसा आकार देते हैं। बच्चे भी एक प्रकार से लोहा हैं। ध्रुव को ३६ हजार वर्ष राज्य करने का वर मिला जबकि उसने प्रभु से कुछ भी माँगा नहीं।

कहा कि हिरण्यकश्यप की पत्नी कयाधु की कोख से जन्मे प्रह्लाद भी अप्रतिम भक्त हुए जिन्होंने तप्त लौह खम्भ से प्रभु को प्रकट किया। प्रहलाद भी ध्रुव के समान अल्पायु में ही परमात्मा की गोद में बैठे भगवान अपनी जीभ से बालभक्त प्रहलाद को चाहते हुए प्रेम कर रहे थे। कथा के अंत में आरती के बाद प्रसाद वितरण का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

# बिजनौर में पालिका की टीम ने हटवाया अतिक्रमण: सामान जब्त कर नोटिस जारी किए

लोकतंत्र की आवाज़

रिपोर्ट जसवीर सिंह

उत्तर प्रदेश के जिला बिजनोर की तहसील नगर पालिका बिजनोर में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने भीड भाड़ को देखते हुए सोमवार को प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने शहर की सड़कों पर किए गए अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। टीम ने अतिक्रमण कर रखे सामान को जब्त किया और कई दुकानदारों को नोटिस जारी करते हुए उनके चालान काटे।बिजनौर शहर की मुख्य सड़कों और चौराहों पर दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर सामान रखने और ठेले लगाने की शिकायतें लंबे समय से मिल रही थीं। यह अतिक्रमण न केवल ट्रैफिक बाधित कर रहा था, बल्कि राहगीरों को भी परेशानी हो रही थी। एसडीएम सदर अवनीश कुमार, नायब तहसीलदार और नगर पालिका के ईओ विकास कुमार की अगुवाई में टीम जेसीबी और अन्य संसाधनों के साथ जानी के चौराहे पर पहुंची। टीम ने दुकानदारों द्वारा सड़कों पर रखे गए सामान को हटाया। पक्के निर्माण और शेड को गिराया। फलों के ठेले और अन्य अवैध रूप से रखे सामान को जब्त कर ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरकर नगर पालिका कार्यालय भेजा।ईओ का बयान नगर पालिका के ईओ विकास कुमार ने



बताया, ₹सड़कों पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। कई दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं और कुछ के चालान काटे गए हैं। सभी को सख्त हिदायत दी गई है कि वे भविष्य में अतिक्रमण न करें। ₹

लोगों को हिदायत प्रशासन ने दुकानदारों और स्थानीय निवासियों को आगाह किया है कि सड़कों पर दोबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह अभियान ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने और शहर को साफ-सुथरा बनाने के उद्देश्य से चलाया गया है।

**अतिक्रमण हटाने पर मिली-जुली प्रतिक्रिया:** जहां कुछ स्थानीय लोगों ने इस कदम की सराहना की, वहीं कुछ दुकानदारों ने इसे अचानक और कठोर बताया। हालांकि, प्रशासन का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर अतिक्रमण करना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू बनाने और नागरिकों को राहत देने की दिशा में प्रशासन की गंभीरता को दर्शाता है।

## महात्मा विदुर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज ,बिजनौर के प्रोफेसर्स ने उत्तरकाशी में पोस्टमार्टम से संबंधित कार्यशाला में प्रतिभाग किया

लोकतंत्र की आवाज

रिपोर्ट राजेंद्र चौहान




उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में₹ संदिग्ध मौतों के पोस्टमार्टम में फॉरेंसिक विषय विशेषज्ञ की भूमिका₹ विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया. कार्यशाला में डॉक्टर नवीन सेमवाल ,अध्यक्ष चिकित्सा महासंघ, उत्तरकाशी व डॉक्टर नवीन पंचोला सचिव द्वारा महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज बिजनौर से डॉ पुष्पेंद्र सिंह ,डॉ विदित दीक्षित एवं डॉ दिनेश गोस्वामी को व्याख्यान हेतु आमंत्रित किया गया। कार्यशाला में प्रोफेसर डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह( ल्ह.ड.ऊ फॉरेंसिक मेडिसिन) ने कहा कि चिकित्सकों को पोस्टमार्टम रिपोर्ट बनाते समय शव पर पूर्व की चोटों व चोटों की प्रकृति तथा इससे संबंधित सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं का बारीकी से परीक्षण करने के पश्चात ही रिपोर्ट को तैयार करना चाहिए, ताकि रिपोर्ट त्रुटि मुक्त हो और पुलिस इनवर्टिगेशन को सुगम बना सके और न्यायिक प्रक्रिया में अपना योगदान दे सके। इस अवसर पर डॉ विदित दीक्षित (असिस्टेंट प्रोफेसर एनाटॉमी )ने प्राकृतिक आपदा अथवा तीर्थ यात्रा के दौरान हादसे में मारे गए लोगों के शवों की पहचान हेतु हड्डियों के संग्रहण एवं उनके परीक्षण पर प्रकाश डाला। डॉ दिनेश गोस्वामी (असिस्टेंट प्रोफेसर जनरल सर्जरी)ने पर्वतीय क्षेत्र में उपचार में आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु ट्रेनिंग पर व्याख्यान दिया कार्यशाला में सीएमओ, सीएमएस, जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों एवं प्रदेश के अन्य चिकित्सकों ने भी ऑनलाइन माध्यम से हिस्सा लिया ।कार्यक्रम के अंत में आयोजनकर्ता डॉक्टर नवीन सेमवाल ने कार्यशाला में उपस्थित सभी चिकित्सकों का तथा विशेष रूप से बिजनौर से आमंत्रित सभी प्रोफेसर्स का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें ।

### पंथी पूजा को लेकर धूमधाम से कलश यात्रा निकली गई



लोकतन्त्र की आवाज
केदार नाथ पाण्डेय
पीरपैंती। पीरपैंती के कमलचक गांव के पंथी पूजा को लेकर भव्य कलशयात्रा निकाली गई।इस अवसर पर सुबह से श्रद्धालु पंथी विराट बाबा के पूजा कार्यक्रम को लेकर उत्सुक रहें।गांव के लोगों ने बताया की इस पूजा को लेकर गांव के लोग हमेशा सक्रिय रहते हैं। वहीं पंथी विराट बाबा ने बताया कि यह पूजा के माध्यम से लोगों की सुख शांति के लिए काशीदास बाबा का पूजा किया जाता है। इस पूजा में भगवान गोवर्धन की पूजा खीर माला फूल आदि से की जाती है। इस दौरान पंथी ने खौलते दूध से स्नान कर लोगों को अचंभित कर दिया। पंडित श्रीकांत शास्त्री ने बताया कि यहां के ग्रामीणों का रवैया काफी सहयोगात्मक है। करीब 5000 लोगों को भंडारा कराकर प्रसाद वितरण किया गया।इस मौके पर भोला यादव,गोरख यादव,ललन यादव , नगेन्द्र यादव,बुनेला यादव,डोमन यादव, गोपीनाथ यादव,रमेश रमन,कृष्णा यादव मौजूद रहे।

### खानपुर : पियकड़ को भेजा जेल



लोकतंत्र की आवाज
खानपुर/समस्तीपुर। थाना सनहा संख्या 421/24 दिनांक 15 दिसंबर 2024 में गिरफ्तार अभियुक्त रंजन कुमार पिता लालबहादुर राय ग्राम मधुबन थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को सरकारी वाहन से उचित मार्गरक्षी दल के साथ माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन कराने वास्ते भेजा गया क़्री पुस्टि थानाध्यक्ष मनोजकुमार सिंह ने क़्री है।

### पांच लीटर विदेशी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार




लोकतंत्र की आबाज
वारिसनगर/समस्तीपुर। मथुरापुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना पर रविंद्र कुमार पेसर स्व बिलट महतो के घर से करीब 5 लीटर विदेशी शराब के साथ एक शराब तस्कर को बीती देर रात सारी टोले चकमुराद से किया गिरफ्तार। शराब तस्कर पर आगे की कारवाई में जुटी पुलिस।जब्त विदेशी शराब में कई राज्यों की निर्मित शराब की बोतल हैं शामिल क़्री पुस्टि मथुरापुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने क़्री है।

# बिहार में बदलाव लाना ही हमारा मुख्य उद्देश्य: मनोज भारती

- राजनीति में बढ़ते भ्रष्टाचार को खत्म करना व जनता की सेवा को प्राथमिकता देना ही जन सुराज का लक्ष्य: प्रदेश अध्यक्ष



लोकतंत्र की आवाज

**छपरा (सारण)।** जन सुराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती लगातार बिहार के जिलों में जाकर संगठन को मजबूत करने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में जन सुराज के प्रदेश अध्यक्ष मनोज भारती संग जन सुराज कोर कमिटी सदस्य आनंद मिश्र व रामबली चंद्रवंशी ने सोमवार को सारण जिले का दौरा किया। सारण जिले के नयागांव प्रखंड में हसनपुरा चौक और अम्बेडकर चौक पर उन्होंने महात्मा गाँधी तथा बाबा साहब अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद उन्होंने छपरा शहर स्थित भिखारी ठाकुर प्रेक्षा गृह, आर्ट गैलरी में आयोजित जिला कार्यवाहक समिति की बैठक में भाग लिया।

इस बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान मनोज भारती ने पार्टी संगठन को मजबूत बनाने और आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य राजनीति में बढ़ते भ्रष्टाचार को खत्म करना व जनता की सेवा को प्राथमिकता देना है। वहीं सभी लोगों से एकजुट होकर काम करने के अपील की।

**राजनीति में बढ़ते भ्रष्टाचार पर जताई चिंता:** मनोज भारती ने बैठक के दौरान बिहार में बढ़ते भ्रष्टाचार पर चिंता जताई और कहा हमें ऐसे लोगों की तलाश है, जो बिहार को बदलने की भावना रखते हों। जिस लड़ाई से हम जुड़े हैं, वह कठिन है। क्योंकि हमें बिहार में बदलाव लाना है। जिसके लिए पहले हमें खुद को बदलना होगा, तभी हम जनता के विचारों को बदल सकेंगे। आगे उन्होंने बताया कि उपचुनाव ने हमें बहुत कुछ सिखाया है। उसी से सीख लेकर हम 2025 के चुनाव में भाग लेंगे और मुझे विश्वास है हमे जनता का समर्थन प्राप्त होगा। कार्यक्रम में जन सुराज अध्यक्ष मनोज भारती, राज्य कोर कमिटी सदस्य



आनंद मिश्र व पूर्व एलएलसी रामबली चंद्रवंशी संग जिला अध्यक्ष बच्चा राय, जिला महिला अध्यक्ष अमिता सहनी, जिला महासचिव श्रवन महतो, जिला युवाध्यक्ष कुमार शिवम, कन्हैया सिंह, मुख्य प्रवक्ता कुलदीप महासेठ, राम पुकार मेहता, मुन्ना भवानी, बच्चा सिंह, ओम प्रकाश सिंह, रमेश गिरि, राजेश प्रसाद, प्रियरंजन सिंह युवराज, अजित सिंह, नवनीत यादव, प्रीति रानी, नूतन शर्मा, मनोरमा कुमारी आदि अन्य जन सुराज के नेता व कार्यकर्ता शामिल रहें।

## विक्रमशिला महोत्सव की तैयारी जोरो से, टेंट लगाना शुरू



लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**पीरपैंती/ कहलगांव।** विक्रमशिला महोत्सव को लेकर भूमि समतली करण का काम रविवार को समाप्त हो गया। महोत्सव की सारी प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। सोमवार को टेंट भी लगना शुरू हो गया। बीडीओ ने बताया कि अब महोत्सव में किसी प्रकार की कोई बाधा नहीं है ।जिला प्रशासन और पर्यटन विभाग ने राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों का भी चयन कर लिया है। चयनित कलाकारों का सूची जल प्रकाशित की जाएगी ।

महोत्सव के पहले दिन 20 दिसंबर को उद्घाटन सत्र के बाद कुछ स्थानीय कलाकार का कार्यक्रम होंगे। 21 दिसंबर को नामचिन विद्वान प्राचीन विक्रमशिला पर अपना उद्गार व्यक्त करेंगे । उसी दिन राष्ट्रीय स्तर के कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। 22 दिसंबर को स्थानीय कलाकार अपने प्रतिभा दिखाएंगे। शाम में एसडीओ अशोक कुमार मंडल अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, डीसीएलआर, निर्वाचन पदाधिकारी, प्रखंड विकाश पदाधिकारी ने महोत्सव स्थल पर तैयारी के जायजा लिया । उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के कलाकारों का नाम जिला स्तर से तय हो चुका है। मौके पर विभिन्न समितियां के सदस्य प्रवीण कुमार राणा ,गौतम चौधरी, संजीव कुमार, ललिता देवी,पवन कुमार भारती, राजेश कुमार सिंह, अभिषेक कुमार शर्मा, रितेश कुमार, पप्पू कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### हथियारबंद अपराधियों ने गृह स्वामी को बंधक बनाकर की लूट

लोकतंत्र की आवाज
**एकमा/रसूलपुर (सारण)।** रसूलपुर थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव में सुरेंद्र प्रसाद के घर में रविवार की रात हथियारबंद अज्ञात अपराधियों ने धावा बोला। इस दौरान लगभग दो लाख रुपये मूल्य के कपड़े व गहनों की लूट हथियार का भय दिखाकर कर लेने का मामला सामने आया है। परिजनों ने बताया कि खिड़की के सहारे छत पर चढ़ कर घर में प्रवेश कर गए। बताया गया है कि अपराधियों ने परिजनों को बंदूक दिखा कर एक कमरे में बंधक बना दिया। फिर दो कमरों का ताला तोड़ समान लूट ले गये। रसूलपुर थाने में परिजनों ने कोई आवेदन नहीं दिया है। हालांकि डायल 112 नंबर पर सूचना देने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मामले की जांच-पड़ताल की है।

## इस्तेहारी वारंटी को भेजा जेल



लोकतंत्र की आवाज

**खानपुर/समस्तीपुर।** खानपुर थाना पुलिस द्वारा विती रात्रि इश्तेहारी वारंटी सीआर 1105/20,टीआर 155/24 के गिरफ्तार अभियुक्त रामचंद्र सदा पिता स्व गणेशी सदा ग्राम मधुबन थाना खानपुर जिला समस्तीपुर को गिरफ्त मे ले उचित मार्गरक्षी दल के साथ सरकारी वाहन से माननीय न्यायालय समस्तीपुर में उपस्थापन वास्ते भेजा गया क़्री पुस्टि थानाध्यक्ष मनोजकुमार सिंह ने क़्री है।

## उपेंद्र कुशवाहा ने तेजस्वी यादव को दी सलाह

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर।** बिहार में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कई राजनीतिक दलों के नेता बिहार यात्रा पर है। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा भी इन दिनों सूबे के सभी जिलों का दौरा कर रहे है। इस कड़ी में राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा भागलपुर पहुंचे। जहां पर उन्होंने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव और वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर बड़ा बयान दे दिया । उन्होंने कहा कि अब देश का मूड वन नेशन वन इलेक्शन की तरफ जा रहा है। बिहार का मूड एक बार फिर 2025 में एनडीए की तरफ जा रहा है और मेरा भी मूड एनडीए की सरकार की तरफ ही है। इसके साथ ही उन्होंने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर जमकर सियासी हमला किया हैं। उन्होंने कहा



कि तेजस्वी यादव को पता है कि सत्ता में नहीं आएंगे।इसलिए अर्नगल बयान दे रहे हैं बीपीएससी के अभ्यर्थी के ऊपर बड़ी सहानुभूति जाता रहे हैं।

उन्हें पता होना चाहिए कि उनके पिता लालू प्रसाद यादव के शासनकाल में बीपीएससी बंद हो गया था। बिहार के लोगों को झांसा देकर सत्ता में आने का कोशिश कर रहे हैं लेकिन तेजस्वी सत्ता में आने वाले नहीं है। वहीं तेजस्वी यादव के द्वारा ने कल वादा किया था कि आगामी विधानसभा चुनाव में अगर हमारी सरकार आती है तो माई बहिन मान योजना के तहत बिहार के महिलाओं के 2500 रूपए महिना दिया जाएगा । तेजस्वी यादव के इस योजना पर पलटवार करते हुए उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा कि महिलाओं के उत्थान के लिए नीतीश कुमार ने जो किया है उसके सामने तेजस्वी की घोषणा का कोई मायने नहीं बनता।

## पुलिस प्रशासन का दागदार चेहरा उजागर

लोकतन्त्र की आवाज

**केदार नाथ पाण्डेय**
**भागलपुर।** भागलपुर में पुलिस पर एक बार फिर गंभीर आरोप लगे हैं । फ़ोन चोरी के आरोप में गिरफ्तार आरोपी के प्राइबेट पार्ट में लिक्विड डालने का मामला सामने आया है। इसके साथ ही काफी अभद्र गालिया भी आरोपी को दी गयी है। दो घण्टे तक उसे टॉर्चर करने का आरोप लगा है। आरोपी ने एसीजेएम 1 के कोर्ट में पेशी के दौरान अकबरनगर थाना अध्यक्ष रोहित रितेश और पुलिस पर गम्भीर आरोप लगाए हैं। मेडिकल बोर्ड का गठन कर मामले की ओर जाँच करने की बात कही।



इधर कोर्ट ने मामले पर मेडिकल बोर्ड का गठन कर मामले की ओर जाँच करने की बात कही है । दरअसल अकबरनगर स्टेशन पर 8 दिसम्बर को फोन छिनतई कर उस फ़ोन से एक लाख का ट्रांजेक्शन किया। मामले में पीड़ित फ़ोन मालिक ने अकबरनगर थाना में शिकायत दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी रौशन झा और उसके मित्र को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उसे थाना ले गयी। आरोपी ने बताया कि हमने पुलिस के सामने पहले ही गुनाह कबूल कर लिया था। इसके बावजूद मेरे प्राइबेट पार्ट में लिक्विड डाला गया लगा पेट्रोल या फिनायल था। दो घण्टे तक उसे टार्चर किया गया। माँ बहन की गालियां दी गयी। मामले में सिटी एसपी डॉक्टर के रामदास ने मामले की जांच कराने की बात कही है। उन्होंने कहा कि आरोपी की ओर से जो गम्भीर आरोप लगाए गए है उसकी जांच करवा रहे हैं। जाँच में अगर पुलिसकर्मी दोषी पाए जाते है तो कानूनी कार्रवाई होगी।

## मनरेगा योजना में मजदूर की जगह जेसीबी से हो रहा काम, वार्ड सदस्य समेत सैकड़ो मजदूरों ने मनरेगा पीओ को दिया आवेदन

लोकतंत्र की आवाज

**सुपौल।** जिले के त्रिवेणीगंज प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों मनरेगा का काम मजदूरों के बदले मशीनों से कराया जा रहा है।ताजा मामला मानगंज पश्चिम पंचायत वार्ड नंबर 2 की है, यहा मनरेगा मद से रात्रि में छुपा कर भीसी 91 आरडी की सफाई कार्य मुखिया दिनेश सरदार एवं रोजगार सेवक के द्वारा मजदूरों से नहीं कराकर जेसीबी मशीन से कराई गई है। ऐसे में मजदूर काम के अभाव में अपने घर परिवार भी नही चला पाते हैं।

विभागीय कर्मियों व जनप्रतिनिधियों की जुगलबंदी का आलम है कि दर्जनों मजदूरों की पेट पर लात मार देते है। प्रखंड क्षेत्र में चल रहे मनरेगा योजनाओं के कार्य में जेसीबी मशीन का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जिसके कारण स्थानीय ग्रामीण मजदूरों को काम



नहीं मिल रहा है और वे पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं इसके विरोध में वार्ड सदस्य समेत सैकड़ो मजदूरों ने मनरेगा पीओ को आवेदन देकर कठोर कार्रवाई की मांग की है, वार्ड सदस्य ने बताया कि मनरेगा योजना में इतनी बड़ी लापरवाही की जा रही है, लेकिन अधिकारियों की ओर से इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इससे न सिर्फ बेरोजगारी बढ़गी, सरकारी कार्यालयों में अराजकता भी बढ़ रही है। वहीं अभियंता कार्यस्थल का निरीक्षण किए बिना ही काम पास करते हैं। इस तरह वरीय पदाधिकारियों की आंखों मे धूल झोंककर मनरेगा योजना के साथ-साथ मजदूरों की रोटी से भी खिलवाड़ कर कर्मी व जन प्रतिनिधि चांदी काट रहे हैं। वहीं मजदूरों को रोजगार नहीं मिलने से उनके परिजनों के सामने भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। मनरेगा में ग्रामीण मजदूरों को काम नहीं मिलने से कई मजदूर पलायन करने को मजबूर हैं। राज्य सरकार मजदूरों के पलायन को रोकने के लिए मनरेगा के तहत कई योजनाएं चला रही हैं। खासकर लाकडाउन के बाद गांव घर में ही रोजगार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। परंतु मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों में मशीन का उपयोग कर लिये जाने से मजदूर निराश हैं। मजदूरी नहीं मिलने पर मजदूरों के समक्ष आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हो गई हैं। काम की तलाश में कई मजदूर पलायन कर रहे हैं।

इस मामले को लेकर जब रोजगार सेवक से पूछा गया उन्होंने दबे जुबान में बताया कि अभी किसी प्रकार की योजना नहीं खोली गई, वहां मेरा काम नहीं चल रहा है, अब सवाल उठता है की जब वहां कोई योजना नहीं खोली गई तो फिर रात्रि को किनके आदेश से किनके द्वारा भीसी 91 को जेसीबी मशीन से सफाई किया गया, जबकि उस वार्ड के वार्डसदस्य संजय कुमार मिश्र समेत सैकड़ो ग्रामीणों ने बताया की मुखिया और रोजगार सेवक की मिलीभगत से चोरी छुपे रात्रि को इस तरह की कार्य करवाया गया,

## बचपन की यादें पचपन में एक विचार संगोष्ठी का किया गया आयोजन

लोकतंत्र की आवाज

**रामजी कुमार**
**समस्तीपूर।** बिन्देश्वर साह प्रधानाध्यापक, रा उ म विद्यालय कन्या विष्णुपुर बथुआ, पूसा, समस्तीपुर के निवास स्थान, रॲ सदन, मुन्नी निवास, ग्राम चकहाजी में बचपन की यादें पचपन में एक विचार संगोष्ठी बिन्देश्वर राय, पूर्व मुखिया, अख्तियारपुर चन्दौली के अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मंच संचालन शिक्षिका प्रिया भारती ने किया।



शिक्षक, अभिभावक, समाज के सही दिशा निर्देशन छात्र द्वारा उठाया गया पहला कदम उसे शून्य से शिखर तक पहुंच सकता है। इस उद्देश्य से आयोजित इस संगोष्ठी को श्री रामचन्द्र सेवा ट्रस्ट के संस्थापक डॉ मनोज कुमार सिंह ट इ इ र, राजीव कुमार, रघुवीर सिंह, सेवा निवृत्त प्रधानाध्यापक राकेश कुमार कुशवाहा, देवेन्द्र कुमार राय, रामकुमार सिंह, रमेश प्रसाद सिंह, [illegible] मुम्बई का छात्र निशांत कुमार, विनोद कुमार सिंह आदि ने संबोधित किया। गणितीय गतिविधि में अक्षत कुमार पाठक, कामिनी कुमारी, अनिकेत, आदर्श सहित 24 छात्र/ छात्राओं ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों को एक कलम और एक ॅ-9 केला का पौधा और सभी आगंतुकों को भी ॅ-9 केला देकर प्रोत्साहित किया गया। सभी वक्ताओं ने छात्रों को नियमित बोलकर पढ़ने, स्वाध्याय और अभ्यास के लिए प्रेरित किया। सभी ने केला का पौधा लगाकर उसे बचाने का भी संकल्प लिया।

## तरैया पुलिस ने हाइवा ट्रक से भारी मात्रा में स्प्रिट किया बरामद, तीन कारोबारी गिरफ्तार

लोकतंत्र की आवाज

**तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के नेवारी गांव के समीप से तरैया पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक हाइवा ट्रक से भारी मात्रा में देशी स्प्रिट बरामद किया है। साथ ही मौके से एक लाइनर व चार पहिया वाहन के साथ तीन कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। मामले में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सक्रिय पुलिसिंग के तहत तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 पर नेवारी गांव के समीप से एक हाइवा ट्रक से कुल 6048 लीटर देशी स्प्रीट बरामद कर तीन अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया हैं।



पकड़ाये अभियुक्त गुड्डू तिवारी के विरूद्ध जिलांतर्गत कई कांड दर्ज हैं। पुलिस अधीक्षक, सारण के निर्देशन में सारण पुलिस द्वारा ज़िले में अवैध शराब का सेवन, निर्माण, बिक्री, भण्डारण, परिवहन, शराब तस्करों एवं शराब कारोबारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में रविवार को तरैया थाना को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तरैया-मढ़ौरा एसएच-73 के रास्ते से एक 22 चक्का ट्रक आ रहा है जिसमें स्प्रीट भरा हुआ है और उसे 01 चार पहिया वाहन द्वारा स्कॉट किया जा रहा है। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ग्राम नेवारी स्थित एसएच-73 मढ़ौरा-तरैया जाने वाली रास्ते पर सघन वाहन चेकिंग प्रारंभ किया। वाहन चेकिंग के क्रम में उक्त हाईवा ट्रक को 142 गैलन स्प्रीट (प्रत्येक गैलन में 42 ली० स्प्रीट) कुल-5964 लीटर स्प्रीट बरामद कर हाईवा ट्रक के चालक एवं खलासी को गिरफ्तार किया गया।

साथ ही उक्त हाईवा ट्रक का स्कॉट कर रहे चार पहिया वाहन को 84 ली0 स्प्रीट के साथ जप्त कर 01 एक शराब माफिया गुड्डू तिवारी उर्फ तपेश तिवारी उर्फ बाबा, पे०- ललन तिवारी, सा० हरपूर कोठी, थाना-जनता बाजार, जिला-सारण को गिरफ्तार किया गया है। इस संदर्भ में तरैया थाना कांड संख्या-462/24, में धारा-30 (ए) बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम दर्ज किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों में सूरज कुमार (हाईवा ट्रक चालक), पे० कृष्णा यादव, सा० दलपतपुर, वाना-पिपरा, जिला-पलामू, विकेश कुमार यादव (हाईवा ट्रक खलासी), पे० जगरनाथ राय, सा० लौवा, थाना-तरैया, जिला-सारण, गुड्डू तिवारी उर्फ तपेश तिवारी उर्फ बाबा, पे०- ललन तिवारी, सा०- हरपूर कोठी, थाना-जनताबाजार, जिला-सारण शामिल हैं। जबकि इस कांड में संलिप्त अन्य शराब तस्करों एवं कारोबारियों की गिरफ्तारी हेतु अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

वहीं छापेमारी टीम में तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह, पीएसआई निरंजन कुमार, पीएसआई राकेश कुमार, एएसआई अप्पु कुमार, सागर पासवान, इन्द्रजीत कुमार, चालक मनीष कुमार, तथा चौकीदार जुलिस मांझी, अभिरंजन मांझी, कमलेश कुमार, रामेश्वर मांझी समेत अन्य कर्मी शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें ।

### मोतिहारी: पुलिस ने 720 बोतल नेपाली कस्तूरी शराब के साथ 2 तस्कर को किया गिरफ्तार

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

पूर्वी चम्पारण:एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर मध निषेध के अंतर्गत आदापुर पुलिस नें छापेमारी कर श्यामपुर चौक के पास से 02 शराब तस्कर को 720 बोतल (300 एमएल) नेपाली कस्तूरी शराब के साथ कुल –216 लीटर करण नट उम्र–20 पिता अदालत नट और भूषण नट उम्र–28 पिता अदालत नट को गिरफ्तार किया है। दोनों धुरी बेलवा के निवासी बताया जाता है।इसके अलावे पुलिस नें चार पियक्कड़ कृष्ण पंडित पिता रामजी पंडित साकिन रक्सौल, बद्री पंडित पिता खेडू पंडित साकिन श्यामपुर बाज़ार, सनोज पटेल पिता जोखू पटेल साकिन कटगेनवा एवं विजय पंडित पिता रामजी पंडित साकिन रक्सौल को गिरफ्तार कर अग्रिम कारवाई की जा रही है।

### मोतिहारी: महिला बाल विकास,समाज कल्याण विभाग, एवं जिला प्रशासन द्वारा बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ अभियान का आयोजन किया गया

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

पूर्वी चम्पारण: दिनांक 16.12.2024 को महिला एवं बाल विकास निगम समाज कल्याण विभाग व जिला प्रशासन पूर्वी चंपारण के संयुक्त तत्वाधान में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना एवं जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ विमेन अंतर्गत पूर्व गर्भधारण और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम (पीसीपीएनडीटी एक्ट) से संबंधित अनुमंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन ढाका प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय, ढाका में अनुमंडल पदाधिकारी सुश्री निशा ग्रेवाल की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ढाका, सदानंद दास एवं महिला एवं बाल विकास निगम के जिला परियोजना प्रबंधक, वीरेन्द्र राम ने किया। इस मौके अनुमंडल पदाधिकारी निशा ग्रेवाल ने पूर्वी चंपारण में लिंगानुपात में कमी को बताया गंभीर चिंता का विषय,उन्होंने कहा कि लिंग परीक्षण के आधार पर हो रही भ्रूण हत्या को खत्म करने के लिए लोगों के मानसिकता में बदलाव लाना होगा ज़रुरी है। सभी बच्चियों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी पढ़ाई पर ध्यान दे,शिक्षा वो धन है जो आपसे कोई नहीं छीन सकता है। इसी क्रम में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, कविता कुमारी के द्वारा बताया गया कि लिंगानुपात में जो अंतर है।

### मधुबनी के सड़क हादसे में मोतिहारी के दो लोगों की मौत,बेटे का शव पहुंचते ही पिता ने भी तोड़ दिया दम

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

मोतिहारी मधुबनी जिला के सकरी थाना क्षेत्र में शनिवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में मोतिहारी के घोड़ासहन निवासी पिकअप चालक सहित दो लोगों की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी। इस दौरान पिकअप पर सवार तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।इधर मृत पिकअप चालक का शव गांव पहुंचते ही उसके पिता की भी सदमे से मौत हो गई। इस घटना के बाद मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा गया है। पिकअप चालक समेत दो लोगों की मौत, तीन लोग जख्मी मधुबनी के सड़क हादसे का शिकार बने पिकअप चालक की पहचान महुआही गांव निवासी महिन्द्रा राय के इकलौते पुत्र जयलाल प्रसाद यादव उर्फ पच्चू राय (37) तथा दूसरे मृतक की पहचान स्थानीय गुलरिया टोला निवासी विद्यानंद राम के पुत्र अमरजीत कुमार (25) के रूप में की गई हैं। वहीं घायलों की पहचान स्थानीय गुलरिया टोला निवासी हरेन्द्र पंडित के पुत्र पिन्टू कुमार,जितना थाना क्षेत्र के बिजबनी निवासी लवकुमार तथा बनकटवा निवासी कन्हैया कुमार के रूप में की गयी हैं।

### घर के छप्पर ठीक करने के विवाद को लेकर मारपीट प्राथमिकी दर्ज

घनश्यामपुर थाना क्षेत्र के भदौन गांव में घर के छप्पर ठीक ठाक करने के दौरान मारपीट हुई। भदौन गांव निवासी दुखी राम अपने फूस का घर का मरमत का काम करा रहा था। इसी दौरान गांव के ही हीरा राम ,जय प्रकाश राम, सरोज राम, सोनू राम, जीरो राम, रेखा देवी, मनीषा कुमारी, रीना कुमारी , कंचन देवी, मनीषा देवी , कलिया देवी , रंजन देवी, राम प्रसाद राम, अधिक लाल राम सभी ने आकर लाठी डंडे से हमला कर दिया। इस हमले में 27 वर्षीय अजय राम, 41 वर्षीय राधेश्याम राम, 85 वर्षीय दुखीराम और 35 वर्षीय पार्वती देवी जख्मी हो गई। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है आगे उन्होंने बताया है कि पुलिस अग्रतर कार्रवाई करने में जुट गई है ।सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घनश्यामपुर में भर्ती कराया गया। वही राधा देवी सहित चार लोग चोटिल भी हैं।

## 65 वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, बेतिया द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण का उदघाटन समारोह '

### 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह का आयोजन



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत 22 ग्रामीण बेरोजगार महिलाओं के लिए 30 दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह का आयोजन कोजा राम लोमरोड़, कार्यवाहक कमांडेंट, 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम डुमरी, सुखवानी तथा बखरी बाज़ार से चयनित 22 महिलाओं को ग्राम पंचायत बगही के पंचायत सरकार भवन के प्रांगण मे यह प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा । इस अवसर पर कोजा राम लोमरोड़, कार्यवाहक कमांडेंट, 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल बेतिया ने उद्घाटन समारोह में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं प्रशिक्षणार्थियों का स्वागत एवं अभिवादन करते हुए कहा कि 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमावर्ती क्षेत्र के विकास हेतु सतत रूप से प्रयत्नशील है एवं नागरिक कल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं के व्यक्तित्व एवं कौशल विकास हेतु प्रासंगिक प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है ताकि युवाओं को स्वावलंबी बनाकर उनके रोजगार सृजन एवं बेहतर भविष्य का मार्ग प्रशस्त किया जा सके। तत्पश्चात धीरज कुमार, मुखिया–ग्राम पंचायत बगही सुखवानी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा सीमा क्षेत्र के विकास के लिए किये जा रहे उत्कृष्ट कार्यों, विशेषकर युवाओं को रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें जीविका अर्जन हेतु सक्षम बनाने की सराहना की । उन्होंने इस अवसर पर समय–समय पर सीमावर्ती नागरिकों हेतु आयोजित किये जाने वाले निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर, निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर, नशा मुक्त भारत अभियान, बेटी–बचाओ, बेटी–पढाओ, वृक्षारोपण अभियान, स्वच्छता अभियान, सशस्त्र बलों में भर्ती हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश, सीमावर्ती युवाओं हेतु खेलकूद प्रतियोगिताओं के आयोजन एवं विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए 65 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा की एवं इस प्रकार के कार्यों को समय–समय पर आयोजित करने का अनुरोध किया । इस कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में कोजा राम लोमरोड़, कार्यवाहक कमान्डेंट, अभिषेक सुहाने, उप–कमान्डेंट, डा. किरण शंकर झा, निदेशक–जन्मस्थान हॉस्पिटल, धीरज कुमार देवनाथ, मुखिया झ्र ग्राम बगही सखुआनी, गोपाल देवनाथ, सरपंच झ्र ग्राम बगही सखुआनी, रमेश चौधरी, मुखिया झ्र ग्राम मनचंगवा, मुनीश प्रसाद, सरपंच झ्र ग्राम मनचंगवा, विजय कुमार महतो, मुखिया झ्र ग्राम परसौनी, ब्रज किशोर महतो, सरपंच झ्र ग्राम परसौनी, राकेश देवनाथ, वार्ड सदस्य, ग्राम बगही सखुआनी, रणजीत कुमार, प्रभारी – हिल स्टेशन फाउंडेशन, श्रीमती चन्द्र प्रभा कुमारी, प्रशिक्षण प्रशिक्षक, नव प्रशिक्षु, ग्रामीण तथा सशस्त्र सीमा बल 65 वाहिनी के बलकर्मी उपस्थित थे ।

## आदित्य हत्याकांड में पुलिस ने किया उद्वेदन



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ नीरज मिश्रा

**बगहा ।** दिनांक 9.12.2024 को गंडक नदी के किनारे बालू में दबा एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। उक्त शव को देखने से यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था। मृतक की निर्मम हत्या सुनिश्चित ढंग से की गई थी। जिला विधि विज्ञान इकाई बगहा एक तकनीकी शाखा एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से उस शव की पहचान दिनांक 10.12.2024 आदित्य कुमार सोनी पिता सुनील कुमार सोनी साकिन बरवल वार्ड नंबर 4 थाना पटखौली जिला पश्चिमी चंपारण के रूप में की गई। मृतक के पहचान के उपरांत पुलिस कांड के उद्वेदन में जुड़ गए। घटना के संदर्भ में पटखौली थाना कांड संख्या 182/24 दिनांक 12.12.2024 धारा 103(1)/3(5) भा0 न्या0सं0 अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज कर पुलिस अधीक्षक बगहा के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा के नेतृत्व में र.कळ टीम गठित कर टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसआईटी टीम द्वारा आज सूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कुल दो विधि के विरुद्ध बालक जो मृत आदित्य कुमार के दोस्त जिनकी उम्र करीब 17 साल है को पुलिस हिरासत में लिया गया। हत्या का कारण आपसी रंजिश एवं प्रेम प्रसंग हत्या में हत्या में प्रयुक्त चाकू हत्या के समय हत्या करने वाले दोनों विधि विरुद्ध बालक द्वारा पहने हुए कपड़े (आधा जला हुआ) ,मोबाइल फोन वही छापेमारी दल के सदस्य में शामिल पदाधिकारी पु.नि. संजय कुमार पाठक बगहा अंचल,पु.नि. दीपक कुमार प्रभारी तकनीकी शाखा,पु.नि. अनिल कुमार थानाध्यक्ष बगहा,पु.नि. संजीत कुमार थानाध्यक्ष चौतरवा,पु.अ.नि. अनीश कुमार थानाध्यक्ष पटखौली,पु.अ.नि. शंभू शरण गुप्ता,पु.अ.नि. सुरेश प्रसाद सिंह आदि शामिल रहे।

## केसरिया: पुलिस भारी मात्रा में विदेशी शराब किया बरामद



लोकतंत्र की आवाज

ब्यूरो चीफ मोतिहारी

**मोतिहारी।** एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर एलटीएफ चकिया एवं केसरिया पुलिस के द्वारा संयुक्त छापेमारी कर भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 120 बोतल कुल 69 लीटर विदेशी शराब बरामद हुई हैं। बता दें कि पंनसलवा नयागांव से बेनीपुर जाने वाली रोड के चंवर (खेत) से शराब को पुलिस ने बरामद किया है। वहीं इस छापेमारी टीम में एलटीएफ चकिया प्रभारी मनीष कुमार मंडल,एवं केसरिया थानाध्यक्ष उदय कुमार, महेश पाल,गृह रक्षक चंद्र किशोर सिंह शामिल रहें।

## नहीं रहे समाज सेवी दिनेश शर्मा, संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर, श्रद्धांजलि देने वालों का लगा तांता।

लोकतंत्र की आबाज



**मोरवा/समस्तीपुर।** प्रखंड के मोरवा दक्षिणी राय टोल निवासी समाज सेवी दिनेश शर्मा नही रहे। रविवार को अपने आवास पर 73 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। फलस्वरूप संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। लगभग दो वर्षों से वे बीमार चल रहे थे। पिछले साल दिल्ली एम्स में उनका आपरेशन भी हुआ था। तब से दिल्ली एम्स के चिकित्सकों के निर्देशानुसार उनका इलाज जारी था। स्वर्गीय शर्मा जिला डीलर संघ अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों को सुशोभित कर चुके थे। खुदनेश्वर मंदिर न्यास समिति के पूर्व सचिव तथा पूर्व विधानसभा चुनाव में बसपा के उम्मीदवार तथा मोरवा प्रमुख सान्या नेहा के ससुर समाज सेवी दिनेश शर्मा के निधन से संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही प्रखंड और जिला के सैकड़ों लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। वे अपने पीछे दो पुत्र जिसमे प्रमुख पति गौरव कुमार शर्मा बबलू जी एवं मोरवा दक्षिणी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सौरभ कुमार शर्मा उर्फ मुन्ना सहित दो पुत्र पौत्र से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से दिन भर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। जहाँ मोरवा बीडीओ अरुण कुमार निराला, मुखिया संघ अध्यक्ष प्रिय रंजन गोपाल, मोहम्मद अरमान अली, पूर्व उप प्रमुख रेखा देवी, डॉ मनोहर प्रसाद सिंह, कृष्ण कन्हैया मिश्र, श्याम कुमार मिश्र, रालोमो जिला अध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद सहित सैकड़ों लोगों ने पुष्पगुच्छ एवं पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बड़े पुत्र प्रमुख पति गौरव कुमार शर्मा उर्फ बबलू एवं पैक्स अध्यक्ष मुन्ना शर्मा तथा उप प्रमुख स्मिता शर्मा के पति सह स्वर्गीय शर्मा के छोटे भाई अवधेश शर्मा के द्वारा अंतिम संस्कार के लिए सिमरिया गंगा तट ले जाया गया है। उनकी अंतिम यात्रा में प्रखंड के अधिकांश मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए हैं।

## भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की मासिक बैठक

लोक तंत्र कि आवाज



मुरारी झा

**दरभंगा ।** सदर प्रखंड मुख्यालय के सभागार में सोमवार को भारतीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन की मासिक बैठक दरभंगा जिला कार्यकारी अध्यक्ष नितेश सहाय के अध्यक्षता में आहुत की गई। बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए बैठक में लगातार अनुपस्थित होने वाले पदाधिकारी एवं सदस्यों को निष्काशित करने का निर्णय लिया गया। वहीं संगठन के सभी पदाधिकारी सदस्य को सूचित किया गया कि लगातार तीन बैठक में अनुपस्थित रहने पर उनका सदस्यता समाप्त कर दी जाएगी। वहीं अगले साल जनवरी में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश सिंह के आगमन को लेकर विशेष तैयारी करने की बात की गई। वहीं दो नए सदस्य प्रतिभा कुमारी एवं श्याम कुमार यादव को प्रशस्ति पत्र एवं आई कार्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए कहा कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार संगठन में वही पदाधिकारी सदस्य कार्य करेंगे जो संगठन के नियमों अनुसार कार्य करेंगे। बैठक में बिहार प्रदेश कानूनी सलाहकार उदयलाल देव, प्रदेश उपाध्यक्ष ललित यादव, प्रदेश अध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ सजल यादव, स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमरेश कुमार यादव, सदस्य चंद्रकांत चौधरी, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

## बेतिया :मुख्यमंत्री के आने की खुशी या आने का डर

लोकतंत्र की आवाज



**बेतिया ।** चंपारण की पावन धरती जो आजादी के पहले से देश के हर आंदोलन का सभी लोग आकर नींव रखते हैं अगर आज उस धरती की बात करें तो बेतिया की सड़कों को देखकर ऐसा लगता है की जिसका कोई नहीं है । वहीं अगर आप स्थानीय स्तर पर देखेंगे तो आपको ऐसा देखने को मिलेगा कि यहां के जो भी जनप्रतिनिधि या शासन प्रशासन के लोग हैं सिर्फ अपने रसूख के लिए जनता का इस्तेमाल करते हैं जहां जनता के हित में कार्य होना चाहिए वहां सिर्फ जनता के साथ खिलवाड़ किया जाता है । आपको बताते चलें की बेतिया की जो सड़के हैं वह वर्षों से गड्ढे में तब्दील था लेकिन प्रदेश प्रमुख के आने की खुशी या आने के डर में रोड के गड्ढों को सिर्फ ढकने का काम किया जा रहा है जिसको आप देखेंगे तो लगेगा कि जिस तरह पैंट पर छिपी साटा जाता है उसी तरह सड़कों पर भी साटा जा रहा है वहीं अगर हम बात करें तो ढलैया वाले सड़क पर पिंच का मटेरियल अलकतरा से उसको सिर्फ बराबर करने की कोशिश की जा रही है की लोगों का सवाल मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंच सके , लोग खुश हो सके । लेकिन बेतियावासीयों का कहना है कि वर्षों से इसका कोई मां बाप नहीं था । मुख्यमंत्री के डर से गढ्डे को बराबर किया जा रहा है जो कि कभी भी टूट सकता है खैर अब देखना यह की कब तक जनता के साथ खिलवाड़ किया जाएगा या कब तक इस तरीके का हाल होते रहेगा । खैर अब जो भी है भविष्य के गर्भ में है लेकिन अगर आम जनता के हित में कार्य नहीं हुआ तो साहब जानता तो जानता है आने वाले समय में आम जनता की नजरों से सवाल का बवाल तो होगा जिसके लिए जिम्मेवार सड़क से सदन तक के लोग होंगे ।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर लाभार्थियों के बीच प्रखण्ड प्रमुख के हाथों किया गया टीएचआर वितरित

लोकतंत्र कि आवाज



मुरारी झा

**गौड़ाबौराम।** प्रखण्ड क्षेत्र के नदैई गाँव केंद्र संख्या 31 के सेविका सह संघ के प्रखंड अध्यक्ष सरस्वती देवी ने प्रखण्ड प्रमुख ममता देवी के हाथों सोमवार को लाभार्थियों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया ।वही प्रखंड के विभिन्न केंद्र संख्या 33, 32, 34,35,36 ,65,110 में वितरण किया गया। वहीं शत–प्रतिशत पोषाहार वितरण को लेकर महिला पर्यवेक्षिका आशा कुमारी क्षेत्र के विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया और लाभुकों के बीच पोषाहार वितरण करवाया ।इस दौरान तय निर्धारित मात्रा में पोषाहार का वितरण की, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिला, महिला कुपोषित एवं अति कुपोषित लाभार्थियों के बीच पोषाहार का वितरण आंगनबाड़ी केंद्रों पर सोमवार को लाभार्थियों के बीच पोषाहार का वितरण किया गया। प्रत्येक लाभार्थी को चावल, दाल, सोयाबीन के साथ अन्य सामग्री दिया गया. इस दौरान सेविकाओं सभी आंगनबाड़ी द्वारा केंद्रों पर खाद्य सुरक्षा से संबंधित साफ सफाई का विशेष ध्यान देकर वितरण किया गया। महिला पर्यवेक्षिका ने बताया कि बच्चों व गर्भवती धात्री महिलाओं को उचित पोषण मिलता रहे, जिसके लिए प्रत्येक माह उचित पोषण आहार हेतु पोषाहार का वितरण किया जाता है। ताकि समाज में कोई लाभुक कुपोषित नहीं हो।

## श्रीमद्भागवत गीता भगवान के श्री मुख से निकला हुआ एक मात्र ग्रंथ है–पं–भरत उपाध्याय

लोकतंत्र की आवाज



क्षितिज राज

**मधुबनी।** राजकीय कृत हरदेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज मधुबनी के पूर्व प्राचार्य पं०भरत उपाध्याय ने आज अन्नपूर्णा जयंती के अवसर पर भागवत प्रेमियों के बीच गीता पर व्याख्यान देते हुए कहा कि इस ग्रंथ को पढ़ने से व समझने से मनुष्य अपने कर्त्तव्यों को भलीभांति पहचान सकता है।और साथ–साथ अपने मानवीय व दैवीय गुणों का विकास कर सकता है,और वैसे भी हमारे ग्रन्थों में मनुष्य योनि को सर्वश्रेष्ठ बताया गया है, लेकिन मानव जीवन बहुत कठिनाइयों से गुजरता है हमें हर मोड़ पर अनेकों परेशनियों का सामना करना पड़ता है जो हमारे जीवन को उथलपुथल कर देती है और इन समस्याओं का समाधान ढूंढना बेहद कठिन होता है। इसलिए हमें श्रीमद्भागवत गीता को पढ़ना चाहिए। क्योंकि यह मानव जीवन का सार है जिसमें मनुष्य के हर सवाल का जवाब मिलता हैं और भगवदगीता को समस्त ग्रन्थों में सवश्रेष्ठ माना गया है इसलिए समस्त ग्रन्थों को पढ़ने के बजाय आप केवल श्रीमद्भागवत गीता को पढ़ सकते है। भगवदगीता एक ऐसा श्रेष्ठ ग्रंथ है जिसकों हर क्षेत्र का व्यक्ति पढ़ सकता हैं जैसे वैज्ञानिक, मनस्विद, राजनीतिज्ञ, संन्यासी, दार्शनिक, शिक्षक या विद्यार्थी कोई भी हो सभी को जीवन मे भगवदगीता को ज़रूर पढ़ना चाहिए, ताकि हम अपने जीवन को बेहतर तरीके से समझ सकें व बेहतर बना सकें।माना जाता है कि अगर आपके घर मे भगवद्गीता है तो यह आपके घर मे सुखः, शांति और तरक्की को लेकर आती हैं और यह मनुष्य जीवन की सार्थकता को सिद्ध करने का सबसे बेहतर ग्रंथ है। यह ग्रंथ सभी क्षेत्रों में आप को सर्वश्रेष्ठ सफलता प्रदान करने में सहायक साबित होगा।श्रीमद्भगवद्गीता स्वयं सिद्ध ग्रंथ है क्योंकि यह भगवान के श्री मुख से निकला हुआ एकमात्र ग्रंथ है.इसके प्रत्येक श्लोक संपूर्ण शाश्वत सिद्ध मंत्र है।भगवद गीता किसी जाति, संप्रदाय का ग्रंथ नहीं है यह संपूर्ण मानव जाति का ग्रंथ है.इस ग्रंथ के उपदेश प्रत्येक कालखंड के प्रत्येक मनुष्य के लिए हमेशा सदा नूतन व शाश्वत है। अतः इसलिए यह श्रीमद्भागवत गीता प्रत्येक मनुष्य के घर में होना आवश्यक है और इसका अध्ययन भी प्रत्येक मनुष्य को अवश्य करना चाहिए,,जब मनुष्य श्रीमद् भागवत गीता का नित्य प्रति दिन श्रद्धा पूर्वक इसका अध्ययन करेगा तो फिर यह गीता मनुष्य के जीवन में जरूर उतर के आएगी और मानव जीवन को श्रेष्ठता प्रदान करेगी।यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्।परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्। धर्मसंस्थापनार्थाय सम्भवामि युगे युगे।। इस अवसर पर पंडित नीरज शाण्डिल्य, शैलेन्द्र मोहन पाण्डेय, केशव पाण्डेय, रौनक पाण्डेय, आकाश सिंह, दिनेश कुमार गुप्ता सहित सैकड़ों भागवत प्रेमी उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें ।

## पकरीबरावां पुलिस ने विभिन्न मामले में दो को भेजा जेल

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां।एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर समेत चालक गिरफ्तार पकरीबरावां पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है उपरोक्त तथ्य की जानकारी प्रदान करते हुए थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि रविवार की देर शाम थाना क्षेत्र के मोहबीघा के समीप एक पिकअप वाहन का चालक अनियंत्रित गति से वाहन चला रहा था इस दौरान चालक की लापरवाही के कारण कमलेश चौहान की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी जिसे लेकर चालक रूपो थाना क्षेत्र के फूलडीह गांव निवासी ग्यास उद्दीन के पुत्र रियाज उद्दीन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है वहीं गुप्त सूचना के आधार पर वारिसलीगंज रोड से एक अवैध बालू लदा ट्रैक्टर भी जब्त किया गया है इस दौरान पुलिस ने ट्रेक्टर चालक वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के मुड़लाचक गांव निवासी सज्जन यादव के पुत्र नीतीश कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## खलिहान में लगी आग, धान जलकर हुआ खाक

धर्मेंद्र कुमार शर्मा

पकरीबरावां।पकरीबरावां प्रखण्ड की जिउरी ग्राम पंचायत के गोपालपुर गांव में रविवार की रात को सहदेव यादव के पुत्र मिथलेश यादव के धान के खलिहान में आग लग गई। पीड़ित ने बताया कि 4 एकड़ में हुए धान को खलिहान में लाकर रखा गया था। आग कैसे लगी, इसका पता नहीं लग सका। बताया गया कि अगलगी में लगभग दो लाख रुपए की क्षति हुई है। सोमवार की सुबह को लोगों ने आग लगा देखा। इसके बाद पीड़ित को इसकी सूचना दी। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया। सफलता नहीं मिलने पर अग्निशमन को बुलाया गया। उसके बाद आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित ने घटना की जानकारी अंचलाधिकारी को दी। इधर, घटना की जानकारी मिलने पर राजद नेता अशोक महतो, वारिसलीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक प्रदीप कुमार, बुधौली ग्राम पंचायत के पूर्व मुखिया विजय यादव, राजद नेता धर्मेन्द्र यादव आदि ने पीड़ित परिवार से मिलकर घटना के बारे में पूछा। नेताओं ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

## पच्चीस वर्षीय युवती ने गले में फंदा लगाकर दी जान

सुपौल : जिले के जदिया थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 4 में अविवाहित युवती बिनोद कुमार सिंह 25 वर्षीय पुत्री रिचा कुमारी ने बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, घटना की जानकारी मिलते हैं जदिया थाना प्रभारी राजीव कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेते हुए मृतक युवती के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सुपौल भेज दिया है, इस बाबत जदिया थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि एक युवती सुसाइड कर लिया है, शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है परिजनों के द्वारा किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया गया है,

## आदित्य हत्याकांड में पुलिस ने किया उद्वेदन

बगहा दिनांक 9.12.2024 को गंडक नदी के किनारे बालू में दबा एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। उक्त शव को देखने से यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा था। मृतक की निर्मम हत्या सुनिश्चित ढंग से की गई थी। जिला विधि विज्ञान इकाई बगहा एक तकनीकी शाखा एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से उस शव की पहचान दिनांक 10.12.2024 आदित्य कुमार सोनी पिता सुनील कुमार सोनी साकिन बरवल वार्ड नंबर 4 थाना पटखौली जिला पश्चिमी चंपारण के रूप में की गई। मृतक के पहचान के उपरांत पुलिस कांड के उद्वेदन में जुड़ गए। घटना के संदर्भ में पटखौली थाना कांड संख्या 182/24 दिनांक 12.12.2024 धारा 103(1)/3(5) भा0 न्या0सं0 अज्ञात के विरुद्ध कांड दर्ज कर पुलिस अधीक्षक बगहा के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बगहा के नेतृत्व में र.कळ टीम गठित कर टीम को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसआईटी टीम द्वारा आज सूचना संकलन एवं तकनीकी अनुसंधान के आधार पर कुल दो विधि के विरुद्ध बालक जो मृत आदित्य कुमार के दोस्त जिनकी उम्र करीब 17 साल है को पुलिस हिरासत में लिया गया। हत्या का कारण आपसी रंजिश एवं प्रेम प्रसंग हत्या में हत्या में प्रयुक्त चाकू हत्या के समय हत्या करने वाले दोनों विधि विरुद्ध बालक द्वारा पहने हुए कपड़े (आधा जला हुआ) ,मोबाइल फोन वही छापेमारी दल के सदस्य में शामिल पदाधिकारी पु.नि. संजय कुमार पाठक बगहा अंचल,पु.नि. दीपक कुमार प्रभारी तकनीकी शाखा,पु.नि. अनिल कुमार थानाध्यक्ष बगहा,पु.नि. संजीत कुमार थानाध्यक्ष चौतरवा,पु.अ.नि. अनीश कुमार थानाध्यक्ष पटखौली,पु.अ.नि. शंभू शरण गुप्ता,पु.अ.नि. सुरेश प्रसाद सिंह आदि शामिल रहे।

# शेखपुरा:शेखपुरा में कौशल विकास योजना युवाओं लिए वरदान साबित हो रहा है। राहुल कुमार अकेला

लोकतंत्र की आवाज

**राहुल कुमार अकेला और अन्य गणमान्य लोग भी समारोह में शामिल हुए**



**शेखपुरा ।** में बिहार कौशल विकास मिशन के तहत छात्र–छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्र के डायरेक्टर संतोष सर उपस्थित थे, जबकि भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार अकेला और अन्य गणमान्य लोग भी समारोह में शामिल हुए।समारोह की शुरुआत करते हुए डायरेक्टर संतोष सर ने छात्र–छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कौशल विकास मिशन न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इस अवसर पर भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार अकेला ने भी छात्रों को उनके प्रयासों के लिए सराहा और कहा कि यह प्रमाण पत्र उनके करियर के लिए एक मजबूत आधार साबित होगा।समारोह के दौरान, सभी छात्रों को शेखपुरा में बिहार कौशल विकास मिशन के तहत छात्र–छात्राओं के बीच प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में केंद्र के डायरेक्टर संतोष सर उपस्थित थे, जबकि भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार अकेला और अन्य गणमान्य लोग भी समारोह में शामिल हुए।समारोह की शुरुआत करते हुए डायरेक्टर संतोष सर ने छात्र–छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और कौशल विकास के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कौशल विकास मिशन न केवल रोजगार के अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। इस अवसर पर भाजपा वाणिज्य प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राहुल कुमार अकेला ने भी छात्रों को उनके प्रयासों के लिए सराहा और कहा कि यह प्रमाण पत्र उनके करियर के लिए एक मजबूत आधार साबित होगा।समारोह के दौरान, सभी छात्रों को उनके द्वारा हासिल किए गए कौशल और प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह प्रमाण पत्र छात्रों को न केवल अपने ज्ञान और कौशल की पहचान दिलवाता है, बल्कि भविष्य में नौकरी के अवसरों में भी मदद करेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन शेखपुरा जिले के युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने के लिए किया गया था। इसके जरिए जिला प्रशासन ने कौशल विकास मिशन को सशक्त बनाने का प्रयास किया है, जिससे जिले के युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकें और वे अपने भविष्य को संवार सकें।उनके द्वारा हासिल किए गए कौशल और प्रशिक्षण के प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। यह प्रमाण पत्र छात्रों को न केवल अपने ज्ञान और कौशल की पहचान दिलवाता है, बल्कि भविष्य में नौकरी के अवसरों में भी मदद करेगा।इस कार्यक्रम का आयोजन शेखपुरा जिले के युवाओं को रोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरित करने के लिए किया गया था। इसके जरिए जिला प्रशासन ने कौशल विकास मिशन को सशक्त बनाने का प्रयास किया है, जिससे जिले के युवाओं को बेहतर अवसर मिल सकें और वे अपने भविष्य को संवार सकें।

## धमौल में जीपीपीएफटी फोरम का गठन



लोकतंत्र की आवाज

**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखंड अंतर्गत धमौल पंचायत के तुर्कबन गांव स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के प्रांगण में सोमवार को बैठक कर ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसिलिटेशन टीम फोरम का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया रामरूप यादव ने की। बैठक में पंचायत सचिव नरेंद्र कुमार रजक, ग्राम कचहरी के सरपंच इंद्रजीत कुमार सिन्हा, पंचायत समिति सदस्य सह उप प्रमुख धर्मराज सिंह, पंचायत समिति सदस्य उपेंद्र प्रसाद सिंह, कृषि सलाहकार रंजीत कुमार सहित विभिन्न वार्डों के वार्ड सदस्य, जीविका दीदी एवं वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया। पीरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि मंतोष कुमार ने बैठक में जीपीडीपी योजना के क्रियान्वयन एवं निगरानी, आदर्श पंचायत बनाने की प्रक्रिया और भारत सरकार द्वारा तय 9 स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। इन लक्ष्यों में गरीबी उन्मूलन, स्वच्छता, स्वास्थ्य, आधारभूत संरचना, बाल संरक्षण, जल प्रबंधन, सामाजिक सुरक्षा, सुशासन और महिला सशक्तिकरण जैसे विषय शामिल हैं। बैठक में नो कॉस्ट एवं लो कॉस्ट गतिविधियों के माध्यम से विकास कार्यों की योजना बनाने और उन्हें लागू करने के तरीके भी समझाए गए। साथ ही पंचायत के स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने, स्कूल प्रबंधन समितियों को सक्रिय करने एवं कक्षा 1 से 3 तक के पांच स्कूलों में छात्र सीखने के परिणामों का आधार रेखा अध्ययन करने पर विचार किया गया। यह निर्णय लिया गया कि जीपीपीएफटी फोरम की बैठक हर माह आयोजित की जाएगी और अगले माह कार्यों की समीक्षा की जाएगी। कार्यक्रम के अंत में मुखिया ने सभी प्रतिभागियों एवं पीरामल फाउंडेशन की टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही भविष्य में उनके सहयोग की अपेक्षा की।

## भागलपुर मारवाड़ी महाविद्यालय के अध्यक्ष बने चंद्रदेव



लोकतंत्र की आवाज

**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर ।** मारवाड़ी महाविद्यालय भागलपुर राष्ट्रीय जनता दल के बैनर तले ति.मां.भा.विश्वविद्यालय के अध्यक्ष लालू यादव की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनता दल की नीति तथा सिद्धांत एवं उनकी प्रतिबद्धता को देखते हुए।मारवाड़ी महाविद्यालय भागलपुर छात्र राष्ट्रीय जनता दल चंद्रदेव कुमार को अध्यक्ष पद के मनोनीत किया गया। मौके पर उपस्थित मारवाड़ी महाविद्यालय छात्र राष्ट्रीय जनता दल के नेता डॉक्टर दिलीप यादव प्रिंस यादव प्रभाकर कुमार आशीष कुमार सावन कुमार यादव रूपेश कुमार इत्यादि सभी ने माला पहनकर उन्हें बधाई दिए

## बढौना में छिलका तालाब में मिले अज्ञात शव की हुई शिनाख्त

लोकतंत्र की आवाज



**धर्मेंद्र कुमार शर्मा**

**पकरीबरावां।** शेखपुरा जिले के शेखपुरसराय के ओनामा का था मृतक पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बढौना गांव के छिलका तालाब में पाए गए अज्ञात शव की शिनाख्त सोमवार को कर ली गई है उपरोक्त तथ्य की जानकारी प्रदान करते हुए थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से मृतक के परिजनों को सूचना मिली थी सोमवार की सुबह मृतक के पिता साकेत कुमार पकरीबरावां थाना पहुंचकर शव की शिनाख्त की जिसके बाद मृतक के शव को सदर अस्पताल नवादा से परिजनों को सौंप दिया गया मृतक की पहचान शेखपुरा जिले के शेखपुरसराय प्रखंड के ओनामा गांव निवासी साकेत कुमार के पुत्र सन्नी कुमार के रूप में की गई है उन्होंने यह भी बताया कि चौकीदार के लिखित आवेदन पर मामला दर्ज किया गया जबकि मृतक के पिता साकेत कुमार का भी फर्द ब्यान दर्ज किया गया है पुलिस हत्यारों की गिरफ्तारी के लिए तकनीकी अनुसंधान का सहारा ले रही है जल्द ही अभियुक्त की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। मृतक के पिता ने पुलिस को बताया कि वह बरबीघा में रहते हैं सन्नी घर पर अकेले था परिवार के लोग घर पर नहीं थे देर रात्रि को दस बजे सन्नी से मोबाइल पर बात भी हुई थी वह घर में है बताया था परंतु रविवार की देर रात्रि को सोशल मीडिया से उसके शव के होने की जानकारी मिली मृतक के परिजनों ने पुलिस से जांच कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाए जाने की मांग की है।

# पक़रीबरावा प्रखंड के धमौल पंचायत के ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसिलिटेशन टीम फोरम का गठन

लोकतंत्र की आवाज



**आर्यन मोहन**

**नवादा।** जिले में सोमवार को पक़रीबरावा प्रखंड के धमौल पंचायत के आंगनवाड़ी केंद्र पर बैठक करॅ ढढाळ (ग्राम पंचायत प्लानिंग एवं फैसिलिटेशन टीम) फोरम का गठन किया गया।जिसमें मुखिया, पंच, पंचायत सचिव, वार्ड सचिव, पंचायत समिति के सदस्य,सरपंच, वार्ड सदस्य, आशा कार्यकर्ता, शिक्षक, कृषि सालाहकार,आंगनाबाड़ी सेविका,पंचायत रोजगार सेवक, जीविका दीदी एवं अन्य वरिष्ठ नागरिकों को शामिल किया गया । इस बैठक की अध्यक्षता मुखिया जी श्री रामरूप यादव ने कियो इस बैठक में पीरामल फाउंडेशन से मंतोष कुमार के द्वारा निम्न बिंदुओं पर चर्चा की गईःजीपीडीपी योजना का क्रियान्वयन तथा उसकी निगरानी करना,आदर्श पंचायत बनाने के लिए समुचित माहौल तैयार करना,भारत सरकार द्वारा पंचायत स्तर पर तय किए गए 9 स्थानीय सतत विकास लक्ष्यों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।जो इस प्रकार है :– 1. गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका वाला पंचायत 2. स्वच्छ एवं हरित पंचायत3. स्वास्थ्य पंचायत4.आधारभूत संरचना वाला पंचायत5. बाल हितैषी पंचायत 6.जल प्रयापत पंचायत7.सामाजिक रूप से संरक्षित पंचायत 8. सुशासन वाला पंचायत9.महिला हितैषी पंचायत वहां उपस्थित सभी लोगों के साथ ठङ्ग उङ्ग२३, छङ्ग६ उङ्ग२३ गतिविधियों के बारे में भी विस्तार पूर्वक चर्चा की गई और पीरामल फाउंडेशन की टीम द्वारा उदाहरण देकर इन गतिविधियों को समझाया गया।जीपीपीएफटी फोरम कि मीटिंग को हर माह किया जाना है और अगले माह में कार्यों की समीक्षा की जाएगी।कार्यक्रम के समापन पर वहां उपस्थित लोगों को मुखिया जी के द्वारा धन्यवाद दिया गया साथ ही साथ पीरामल फाउंडेशन की टीम को भी धन्यवाद दिया गया और भविष्य में उनसे सहयोग की अपेक्षा की गई।

## नहीं रहे समाज सेवी दिनेश शर्मा, संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर, श्रद्धांजलि देने वालों का लगा तांता

लोकतंत्र की आबाज



**मोरवा/समस्तीपुर ।** प्रखंड के मोरवा दक्षिणी राय टोल निवासी समाज सेवी दिनेश शर्मा नही रहे। रविवार को अपने आवास पर 73 वर्ष की उम्र में उनका निधन हो गया। फलस्वरूप संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। लगभग दो वर्षों से वे बीमार चल रहे थे। पिछले साल दिल्ली एम्स में उनका आपरेशन भी हुआ था। तब से दिल्ली एम्स के चिकित्सकों के निर्देशानुसार उनका इलाज जारी था। स्वर्गीय शर्मा जिला डीलर संघ अध्यक्ष सहित विभिन्न पदों को सुशोभित कर चुके थे। खुदनेश्वर मंदिर न्यास समिति के पूर्व सचिव तथा पूर्व विधानसभा चुनाव में बसपा के उम्मीदवार तथा मोरवा प्रमुख सान्या नेहा के ससुर समाज सेवी दिनेश शर्मा के निधन से संपूर्ण क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। उनके निधन की सूचना मिलते ही प्रखंड और जिला के सैकड़ों लोग श्रद्धांजलि देने पहुंचे। वे अपने पीछे दो पुत्र जिसमे प्रमुख पति गौरव कुमार शर्मा बबलू जी एवं मोरवा दक्षिणी पंचायत के पैक्स अध्यक्ष सौरभ कुमार शर्मा उर्फ मुन्ना सहित दो पुत्र पौत्र से भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन से दिन भर श्रद्धांजलि देने वालों का तांता लगा रहा। जहाँ मोरवा बीडीओ अरुण कुमार निराला, मुखिया संघ अध्यक्ष प्रिय रंजन गोपाल, मोहम्मद अरमान अली, पूर्व उप प्रमुख रेखा देवी, डॉ मनोहर प्रसाद सिंह, कृष्ण कन्हैया मिश्र, श्याम कुमार मिश्र, रालोमो जिला अध्यक्ष विनोद चौधरी निषाद सहित सैकड़ों लोगों ने पुष्पगुच्छ एवं पुष्पांजलि देकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बड़े पुत्र प्रमुख पति गौरव कुमार शर्मा उर्फ बबलू एवं पैक्स अध्यक्ष मुन्ना शर्मा तथा उप प्रमुख स्मिता शर्मा के पति सह स्वर्गीय शर्मा के छोटे भाई अवधेश शर्मा के द्वारा अंतिम संस्कार के लिए सिमरिया गंगा तट ले जाया गया है। उनकी अंतिम यात्रा में प्रखंड के अधिकांश मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए हैं।

## अंकुश ने सैन्य अधिकारी बन कर बढ़ाया सारण जिले का मान–सम्मान माता–पिता ने लगाए स्टार तो छलक पड़े खुशी के आंसू

लोकतंत्र की आवाज



**छपरा/एकमा (के. के. सिंह सेंगर)।** मांझी प्रखंड के खड़रहियां गांव निवासी मुकेश सिंह व गीता देवी के पुत्र अंकुश कुमार सिंह ने सेना में (सैन्य अधिकारी) लेफ्टिनेंट बनकर सारण जिले का मान–सम्मान बढ़ाया है। पूणे के बाद उत्तराखंड के देहरादून के चेसवुड एनडीए एकेडमी में ट्रेनिंग के उपरांत शनिवार को पासिंग आउट परेड में उन्हें लेफ्टिनेंट का कैप पहनाया गया। अंकुश के माता और पिता ने जब उनके कंधे पर स्टार लगाया तो उनके आंख से खुशी के आंसू छलक आए।बताया गया है कि अंकुश कुमार सिंह ने ज्योति सेंट्रल हाई स्कूल से दसवीं व डॉमिनिक सेवियो हाई स्कूल सह इंटर कालेज पटना से इंटरमीडिएट करने बाद एनडीए की तैयारी में जुट गए थे। उसने 2021 में कड़ी मेहनत और सेल्फ स्टडी कर एनडीए की परीक्षा में सफलता हासिल की। उसके बाद पूना में ट्रेनिंग के बाद उत्तराखंड के देहरादून स्थित चेसवुड में ट्रेनिंग चल रही थी। जहां से पासिंग आउट परेड के बाद अंकुश कुमार सिंह अब लेफ्टिनेंट बन गए हैं। उनकी पोस्टिंग नागपुर में हुई है। अंकुश के सेना में लेफ्टिनेंट बनने पर उनके गांव खड़रहियां समेत पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं उनके बड़े पापा संजीव कुमार सिंह, बड़ी मां सुमन देवी, बड़े भाई अंकुर कुमार सिंह व अन्य परिजन समेत सारण के लाल व आईएएस अधिकारी डॉ अनुज सिंह, डॉ (प्रो) सुनील कुमार सिंह, पत्रकार कमल कुमार सिंह सेंगर, नीरज यादव, डॉ कृष्ण कुमार चतुर्वेदी, जितेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, विकास कुमार सिंह, प्रभात सिंह, संतोष सिंह, नवलेश सिंह, राम कुमार सिंह, विकास कुमार भारद्वाज सहित बड़ी संख्या में लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए हार्दिक बधाई दी है।

## नवगछिया पुरुष टीम क्वार्टर फाइनल में। नवगछिया के राहुल का शानदार प्रदर्शन जारी

लोकतंत्र की आवाज



**मोहम्मद सबरार आलम**

**बिहपुर ।** बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में मधेपुरा जिला बॉल बैडमिंटन संघ द्वारा कामेश्वर मध्य विद्यालय परमानपुर मधेपुरा में खेली जा रही शहीद कैप्टन आशुतोष मेमोरियल 31वीं बिहार राज्य सीनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में पूल ए से सिवान व मधेपुरा, पुल बी से नवगछिया व एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी, पूल सी से बेगूसराय व वैशाली, पूल डी से पटना व मुजफ्फरपुर ने क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। जबकि महिला वर्ग के महत्वपूर्ण लीग मुकाबले में वैशाली ने पूर्वी चम्पारण 35–24, 35–29 से, बेगूसराय ने बाढ़ को 35–22, 35–26 से हराया। चैंपियनशिप में खेलने के लिए विशेष रूप से आमंत्रित नेपाल बॉल बैडमिंटन टीम (पुरूष व महिला) का परमानंदपुर स्थित आयोजन स्थल पर पहुंचने पर सीनियर राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपक प्रकाश रंजन के नेतृत्व में फूल–मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। नेपाल की टीम के साथ नेपाल बॉल बैडमिंटन महासंघ के अध्यक्ष संजय कुमार यादव व मैनेजर सीता यादव भी आयें हैं। बिहार व नेपाल के बीच आमंत्रण प्रतियोगिता के मैच पुरुष व महिला दोनों वर्गों में खेले जायेंगे। दूसरे दिन के खेल की शुरूआत में बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर व संयुक्त सचिव राकेश रंजन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। मौके पर आयोजन अध्यक्ष नरेंद्र चन्द्र नवीन, दीपक सिंह कश्यप, अमर आहूजा, संतोष शर्मा, रवि रंजन कुमार, सतीश कुमार, रामबाबू सिंह, एचएम सुभाषचंद्र, संजय भारती, ओमप्रकाश झा, सुमन यादव, रूपक प्रकाश रंजन, आशीष कुमार सहित खेलप्रेमी उपस्थित थे। लीग मुकाबले में नवगछिया ने भागलपुर को 35–12 35–20 से, बांका ने गया को 35–12, 35–16 से, नवगछिया ने गया को 35–16, 35–20 से, बांका ने भागलपुर को 35–9, 35–15 से, गया ने भागलपुर को 35–24, 35–30 से, किलकारी ने मुजफ्फरपुर को 35–15, 35–25 से, पटना ने सुपौल को 35–17, 35–25 से, किलकारी ने पटना को 35–20, 35–25 से, बेगूसराय में बाढ़ को 35–17, 35–18 से बाढ़ ने दरभंगा को 35–30, 35–32 से, बेगूसराय ने दरभंगा को 35–14, 35–20 से, बेगूसराय ने वैशाली को 35–25, 35–30 से, सिवान ने मधेपुरा को 35–9, 35–15 से, पूर्वी चंपारण ने सारण को 35–27, 35–25 से, सिवान ने पूर्वी चंपारण को 35–20, 35–25 से, पूर्वी चंपारण ने मधेपुरा को 35–30, की35–29 से हराया। यह जानकारी राज्य प्रवक्ता ज्ञानदेव कुमार ने दी।

## संक्षिप्त खबरें ।

### अहम मुकाबले में मेघाहातुबुरू की टीम को छह विकेट से पराजित कर फाइनल में पहुंचा लारसन क्लब




लोकतंत्र की आवाज़
निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड

चाईबासा(झारखंड)। एसआर रुंगटा ए-डिवीजन लीग के रविवार को खेले गये मुकाबले में लारसन क्लब चाईबासा ने मेघाहातुबुरू क्रिकेट क्लब को छह विकेट से पराजित कर पूरे चार अंक हासिल किए. इस जीत के साथ ही लारसन क्लब चाईबासा अपने ग्रुप लीग के पांच में से चार मैच जीतकर 16 अंकों के साथ अंक तालिका में पहले स्थान पर बनी हुई है और इसका फाइनल खेलना लगभग तय है. चाईबासा के बिरसा मुंडा क्रिकेट स्टेडियम मैदान पर खेले गए आज के मैच में टॉस लारसन क्लब के कप्तान ने जीता तथा विपक्षी टीम को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया. पहले बल्लेबाजी करते हुए मेघाहातुबुरू की टीम 33.2 ओवर में 222 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी.जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी लारसन क्लब की टीम ने 28.4 ओवर में मात्र चार विकेट खोकर 223 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया. अक्षत पटेल ने पांच चौके एवं सात छक्के की मदद से 89 रनों की बेहतरीन पारी खेली. देवांश शुक्ला ने भी पांच चौके एवं दो छक्के की सहायता से 50 रन बनाए. अन्य बल्लेबाजों में तौसिफ अहमद ने 28 तथा हिमांशु पांडेय ने नाबाद 23 रनों का योगदान दिया. मेघाहातुबुरू क्रिकेट क्लब की ओर से यशस्वी गौतम ने 41 रन देकर दो विकेट तथा प्रशांत कुमार ने 24 रन देकर एक विकेट लिया।

### जिप सदस्य ने फसल की सिचाई के लिए कोनार कार्यपालक अभियन्ता को सौंपा पत्र



लोकतंत्र की आवाज

बगोदर। जिप सदस्य सह बगोदर भाजपा अध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने कार्यपालक अभियंता कोनार नहर प्रमंडल बगोदर को पत्र लिख कर सिंचाई हेतु नहर मे पानी खोलने का लिखित पत्र सौपकर मांग किया है जिससे गेहूँ आदि फसल मे सिंचाई हेतु नहर के माध्यम से किसान अपने खेतों मे सिंचाई कर सकें जिप सदस्य दुर्गेश कुमार ने कहा है की बगोदर क्षेत्र के कोनार नहर के पोषक क्षेत्र के अगल बगल जैसे जरमुने, सोनतुर्पि,मंझिलाडीह ,बगोदरडीह आदि गाँवों के किसान कई एकड़ जमीनों मे गेहूँ आदि फसल लगाए है जिसमे सिंचाई हेतु चिंतित है, जिसकी जानकारी मुझे ग्रामीणों ने लिखित पत्र दिया है,किसानों ने बताया है कि सिंचाई का और कोई विकल्प नहीं है इसलिए जिप सदस्य ने पत्र लिख कर विभाग को ध्यान आकृष्ट कराया है ताकि किसान भाईयों के इस समस्या का समाधान हो और फसल का नुकसान नही हो किसान भाईयों को खेती करने मे परेसानी नही हो,जिसपर कार्यालय मे मौजुद विभाग के कनीय अभियंता जनक यादव ने आश्वस्त किया है की वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए एक दो दिनों में पानी को खोल दिया जायेगा जिससे किसानों को सिंचाई हेतु परेसानी झेलना नही पड़े।

# ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से ले अधिकारी, परेशान नहीं करें: जोबा माझी

## हजारों ग्रामीणों के बीच प्रशासन ने किया कंबल का वितरण, सुनी समस्याएं

लोकतंत्र की आवाज़



- गोइलकेरा के सेरेंगदा में प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित, सांसद के साथ विधायक और डीसी-एसपी ने की शिरकत
- सेरेंगदा इलाके में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने की समस्या प्रमुखता से उठा

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चक्रधरपुर(झारखंड)।** गोइलकेरा प्रखंड के नक्सल प्रभावित सुदूर सेरेंगदा मैदान में सोमवार को जिला प्रशासन की ओर से प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में सांसद जोबा माझी, विधायक जगत माझी, उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर समेत जिले के वरीय अधिकारियों ने शिरकत की। कार्यक्रम में आये हजारों की संख्या में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सांसद जोबा माझी ने कहा सेरेंगदा इलाका पिछड़ा जरूर है लेकिन यहां विकास की किरणें पहुंचने लगी है।

पूर्व में यहां आने के लिए सड़क नहीं थी। लेकिन अब सड़क के साथ कारो नदी पर उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कराया गया है। उन्होंने अधिकारियों से कहा सुदूर इलाके से आने वाले ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से लेकर समाधान करें। किसी तरह की टाल मटोल का रवैया नहीं अपनाने। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही सेरेंगदा इलाके के लिए सांसद निधि से एम्बुलेंस उपलब्ध कराया जाएगा। विधायक जगत माझी ने कहा यहां की समस्याओं से वाकिफ हूं। जल्द ही प्राथमिकता के आधार पर समस्याओं का समाधान करेंगे। कार्यक्रम के दौरान मानकी मुंडा और पंचायत प्रतिनिधियों ने सेरेंगदा इलाके में मोबाइल नेटवर्क नहीं होने की समस्या को प्रमुखता से रखा। जिसपर सांसद-विधायक और उपायुक्त ने कहा जल्द ही नये टावर लगाकर इसका समाधान कर दिया जाएगा।

उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने कहा सांसद और विधायक की पहल पर प्रशासन आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य सुदूर क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को दूर करना और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारना है। यहां नेटवर्क की समस्या को दूर किया जाएगा, ताकि ग्रामीण फोन या मैसेज के माध्यम से भी हमारे तक अपनी बात रख सके। वहीं पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा पुलिस अधीक्षकविधि व्यवस्था की समस्या नहीं हो। ग्रामीणों की जो भी समस्या है उसे बताए, समाधान करने के लिए कटिबद्ध है। नेटवर्क की समस्या दूर किया जाएगा। कहा जिला प्रशासन आपके साथ है। सभी को विकास की धारा से जोड़ने का लक्ष्य है। कार्यक्रम के दौरान सभी ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं विभिन्न विभागों की ओर से स्टॉल लगाकर योजनाओं की जानकारी के साथ लाभ दिया गया।

कार्यक्रम में सांसद जोबा माझी, विधायक जगत माझी, उपायुक्त कुलदीप चौधरी, पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर, उप विकास आयुक्त संदीप कुमार मीणा, अनुमंडल पदाधिकारी श्रुति राजलक्ष्मी, अपर पुलिस अधीक्षक अभियान पारस राणा, एलआरडीसी केके मुंडू, सिविल सर्जन डॉ सुशांतो माझी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नलिन मरांडी, अजय केरकेट्टा, बीडीओ विवेक कुमार, प्रखंड प्रमुख निरूमनी कोड़ा, मुखिया, मानकी मुंडा, पंचायत प्रतिनिधि समेत सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## भाकपा माले ने बगोदर विधायक पर विकास में बाधा पहुंचाने का लगाया आरोप



लोकतंत्र की आवाज

- अलगडिहा गाँव में लाठी मार्च कर जताया विरोध

**अलगडीहा, बगोदर।** पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत बगोदर प्रखंड के अलगडीहा गांव में रविवार को भाकपा माले ने विधायक नागेन्द्र महतो और उनके बेटे शशि महतो तथा रवि महतो की रंगदारी व गुंडई के खिलाफ सैकड़ों ग्रामीणों व नौजवानों ने लाठी मार्च निकाला।उक्त लाठी मार्च अलगडीहा मोड से शुरु होकर समूचे गांव तक गया और नीचे टोला में सभा की गई।लाठी मार्च का नेतृत्व भाकपा माले प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो,बगोदर उप प्रमुख हरेंद्र कुमार सिंह,इंकलाबी नौजवान सभा प्रदेश अध्यक्ष संदीप जयसवाल,पूर्व जिप सदस्य गजेन्द्र महतो,अलगडीहा मुखिया अख्तर अंसारी,पंस लीलावती साव,तिरला मुखिया सरिता साव,रामचंद्र प्रसाद,लक्ष्मण मंडल व अन्य ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए माले प्रखंड सचिव परमेश्वर महतो ने कहा भाकपा माले का आमलोगों के साथ सिर्फ चुनावी रिश्ता नहीं रहता है।लोगों के सुख दुख और उनकी जन दावेदारी को मजबूत करने में पार्टी हमेशा आगे रहती आई है।उन्होंने कहा कि भाजपा के बगोदर से नव निर्वाचित विधायक नागेन्द्र महतो और उसके बेटों के द्वारा अलगडीहा और तिरला को जोड़नेवाले तकरीबन 4 करोड़ की लागत से बननेवाले जमुनिया नदी के बेडवा घाट में पुल निर्माण कार्य को पिछले 15 दिनों से रोक कर रखा है।ठेकेदार का पंद्रह दिनों से मशीन खड़ा है।विधायक के गुर्गों द्वारा उक्त पुल निर्माण के हुए शिलान्यास पट्ट को क्षतिग्रस्त किया गया है और विधायक पुल निर्माण के लिए दोबारा शिलान्यास करने को कह रहा है।उन्होंने कहा कि अलगडीहा और आस पास के विकास पसंद व न्याय पसंद लोग विकास विरोधियों को सबक सिखाने को तैयार है।लाठी मार्च चेतावनी है।

मौके पर अलगडीहा पंस नसीम अंसारी, रणजीत मिर्धा,मिस्टर अंसारी, पुरन कुमार महतो,भोला प्रसाद महतो, राहुल मंडल,जितेंद्र कुमार,रामेश्वर मंडल,टिंकू मंडल,संतोष मंडल,जसीम असारी,अशरफ अंसारी,रेवतलाल मंडल,बीरेंद्र राम,आरिफ शाह नकुल मंडल,दामोदर मंडल,जीबाधन मंडल, खूबलाल महतो,कामदेव कुमार समेत सैकड़ों लोग शामिल रहे।

## गिरिडीह टोटो चालकों को सुधरने का अंतिम मौका

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा ( ब्यूरो- चीफ)**
**गिरिडीह ,झारखंड।** कुछ दिन पहले किसी एक टोटो चालक की नासमझी /गलती के कारण एक तीन वर्षीय बच्ची को अपने प्राण गंवाने पड़े ऐसा इसलिए क्योंकि वह टो टो चालक जिसके कारण उस बच्ची की प्राण गई अगर वह अपनी ना समझी भरे ड्राइविंग नहीं करता तो उस बच्ची के प्राण बच सकते थे।

कुछ नाबालिग तथा बेवजह सड़कों पर टो टो दौड़ने वाले मनचले लड़कों के कारण भी दुर्घटना को अंजाम मिलता है और इसी सब कारण के चलते आज 35 से 40 टोटो को पकड़ा गया और उसमें भी अधिकतर बिना ड्राइविंग लाइसेंस तथा अन्य और भी जरूरी कागजात की कमी पाई गई ।सभी टो टो चालकों तथा औनर( जो प्रतिदिन 250 से 300 रुपया भाड़ा वसूल करते हैं ) यानी मालिक इन सभी को कड़े हिदायत के बाद शाम में इन सभी की गाड़ी छोड़ दी गई गिरिडीह यातायात पुलिस निरीक्षक ने स्पष्ट रूप से कहा कि जिनके पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है वह अति शीघ्र बनवा लें तथा नो एंट्री का उल्लंघन कभी ना करें एवं 18 वर्ष से कम उम्र के लड़कों को कभी भी टो टो चलाने हेतु चाभी ना दें।

## कराईकेला में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का विधायक ने किया उद्घाटन

लोकतंत्र की आवाज़



- 55 क्विंटल धान की हुई खरीद, प्रति क्विंटल किसानो को मिलेगा 24 सौ रुपये, किसानों की बढ़ेगी आमदनी : विधायक

**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चक्रधरपुर(झारखंड)।** बंदगांव-कराईकेला लैम्प्स में बुधवार को धान अधिप्राप्त केन्द्र का उद्घाटन विधायक सुखराम उरांव ने दीप प्रज्वलित कर किया.इस मौके पर विधायक सुखराम उरांव ने कहा कि कराईकेला में धान अधिप्राप्ति केन्द्र का खुलना किसानों के लिये काफी खुशी एवं आमदनी बढ़ाने के लिये है.उन्होंने कहा यह केन्द्र खाध, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोकता विभाग द्वारा खुला गया है.

उन्होंने कहा कि कराईकेला लेम्प्स में धान अधिप्राप्त केन्द्र खुल जाने से किसानो को सरकारी दर पर धान का मुल्य मिलेगा. यहां क्रय केन्द्र नहीं होने से बाजारो में किसानो को दस से 12 रुपये प्रति किलो बेचना पडता था.अव किसानो को धान क्रय केन्द्र में धान देने से सरकारी दर बोनस के साथ 24 सौ रुपये प्रति क्विंटल के दर से मिलेगा. उन्होने कहा कि प्रखण्ड में अवतक 418 किसानो का रजिस्ट्रेशन हुआ है.

उन्होंने कहा अंचल कायार्लय बंदगांव में किसानो का रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है.उन्होंने कहा कराईकेला लेम्प्स गोदाम के लिये भवन का निर्माण भी की जाएगी. जिससे अधिक से अधिक किसानों का धान की खरीद सरकारी मूल्य पर हो सके.उन्होंने कहा लेम्प्स में कोई भी समस्या हो उसकी जानकारी दें समस्या का निदान किया जायेगा.सीओ भीकम कुमार ने कहा कि धान क्रय केन्द्र खुलने से किसानो में खुषी का लहर है. उन्होंने कहा सरकार का इस योजना से किसानो को सिधा लाभ मिलता है. वहीं बाजार से अधिक दर प्राप्त होता है. पहले दिन धान क्रय केन्द्र में लगभग 55 क्विंटल धान किसानो से खरीदारी की गई.उन्होंने सभी किसानों से अपील किया कि किसान लैम्पस में ही धान का बिक्री करें.

इस मौके पर अंचल अधिकारी भीकम कुमार, प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी सदानंद होता, विधायक प्रतिनिधि मिथुन गागराई, मुखिया गीता बानरा, झामुमो नेता रामलाल मुंडा, दिनेश जेना, पहलवान महतो, शेष नारायण लाल, रंजीत मंडल, साधु चरण प्रधान, प्रखंड कृषि पदाधिकारी विजय सिंह जोको, बीस सूत्री सदस्य महेश साहू , सहकारिता प्रसार पदाधिकारी सुरेन्द्र कुमार, लैम्पस सचिव दिनेश प्रसाद, अध्यक्ष केदार बानरा, कमल देव प्रधान, आनंद बिहारी साहू, तीरथ जामुदा, अरूप चटर्जी,सुबास कालन्दी समेत काफी संख्या में किसान मौजुद थे.

## चक्रधरपुर: मांदर की थाप पर झूमे आम-ओ-खास

- आदिवासी नव वर्ष रांसा जोमषुइम सह वार्षिक मिलन समारोह में दिखी आदिवासी संस्कृति की झलक

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**चक्रधरपुर(झारखंड)।** प्रखंड के आसनतालिया मैदान में आदिवासी हो समाज महासभा प्रखंड समिति द्वारा आदिवासी नव वर्ष के अवसर पर रविवार को रांसा जोमषुइम सह मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक जगत माझी और विशिष्ट अतिथि के रूप में सोनुआ प्रखंड प्रमुख नंदनी सोई शामिल हुईं.

इस दौरान विधायक जगत माझी ने मदर बजाते पारंपरिक नृत्य करते हैं हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया. युवाओं से विलुप्त होती आदिवासी भाषा संस्कृति को बचाने का आ''ान किया. आदिवासी रीति- रिवाज व पूर्व त्यौहार का पालन करने के साथ- साथ पारंपरिक परिवेश में ग्रामीणों के रहन-सहन को बढ़ावा देने का भी आग्रह किया. कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आदिवासी समाज के लोग पारंपरिक वेशभूषा में पहुंचे थे. सभी ने भाषा संस्कृति को बचाने का संकल्प लिया.

मौके पर पारंपरिक नृत्य संगीत का आयोजन किया गया. कार्यक्रम रविवार दोपहर से लेकर शाम तक चला. मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमनाथ उरांव, अंचल अधिकारी अनुज टेटे, आदिवासी हो समाज महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष कृष्णा चंद्र बोदरा, नरेश देवगम, टाटा स्टील फाउंडेशन के मैनेजर शिव शंकर कड़ियांग, हो महासभा प्रखंड अध्यक्ष जोटो सुरीन, करमसिंह बोदरा, लक्ष्मण सामंड, पिंटू सिंह पूर्ति, चक्रधर बोदरा, शंकर, चित्रसेन, बुधराम, रांसा जोमषुइम अध्यक्ष सगुनाथ पूर्ति आदि उपस्थित थे.

## क्षेत्र भ्रमण के दौरान उपायुक्त ने विकास परियोजनाओं और सार्वजनिक सेवाओं का किया स्थल निरीक्षण

लोकतंत्र की आवाज़



**निशांत तिवारी, प्रभारी झारखंड**
**गुमला(झारखंड)।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने आज क्षेत्र भ्रमण के क्रम में बसिया और पालकोट प्रखंड में विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया। उनके निरीक्षण का उद्देश्य जिला में चल रही विकास परियोजनाओं की प्रगति का जायजा लेना और जनसेवा से जुड़ी सुविधाओं को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश देना था।

उपायुक्त ने सबसे पहले बसिया में हाल ही में निर्मित अनुमंडल स्तरीय इनडोर स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम की सुविधाओं का अवलोकन किया और इसके रखरखाव एवं उपयोग को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। इसके बाद, उन्होंने बसिया स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुस्तकालय का दौरा किया। पुस्तकालय की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए उन्होंने स्थानीय नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं को पुस्तकालय का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की बात कही। इसके बाद उपायुक्त ने पालकोट में संचालित लैंपस ( धान अधिप्राप्ति केंद्र ) का भी निरीक्षण किया। उन्होंने सहकारी समितियों को बेहतर तरीके से कार्य करने के निर्देश देते हुए जिला सहकारिता पदाधिकारी को नियमित जांच सुनिश्चित करने का आदेश दिया।

अपने भ्रमण के अंतिम चरण में उपायुक्त ने पालकोट स्थित बाबा भीम राव आंबेडकर पुस्तकालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पुस्तकालय की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने और नागरिकों को ज्ञानवर्धन के लिए इन सेवाओं का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मुख्य रूप से अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, बीडीओ पालकोट सहित अन्य सम्बंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहें।

## गिरिडीह प्रखंड कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन, लोगों ने 60 यूनिट ब्लड डोनेट

लोकतंत्र की आवाज



**विक्रम कुमार मिश्रा (ब्यूरो चीफ)**
**गिरिडीह ,झारखंड ।** रक्तदान वास्तव में एक परोपकारी उपहार हैं ,जिसमें कोई भी व्यक्ति दूसरे की जरूरत को बिना बताए बिना कहे पूरा कर देता है यहां यह भी जानना आवश्यक है कि एक योग्य व्यक्ति एक यूनिट रक्त 45 से 60 मिनट में दान कर सकता है। इसी उद्देश्य की पूर्ति एवं लोगों में रक्त दान के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए प्रखंड कार्यालय गिरिडीह में रक्तदान कार्यक्रम रखा गया।

उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा के निदेशानुसार प्रखंड कार्यालय, गिरिडीह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड बैंक के कर्मियों तथा रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्य उपस्थित थे। प्रखंड कार्यालय में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत प्रखंड के अन्य अधिकारियों/कर्मियों द्वारा रक्तदान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया तथा रक्तदान करने वाले कर्मियों को प्रमाण पत्र देते हुए भविष्य में रक्तदान करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान कुल 60 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। इसके अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा सभी से रक्तदान करने के अपील की गई। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है। इस पुनीत कार्य में सभी को जुड़ रक्तदान करने हेतु प्रेरित किया गया।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में कुंदा में निकाली गई जनाक्रोश रैली

लोकतंत्र की आवाज



- बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रही असहनीय अत्याचार के खिलाफ सरकार उठाए आवश्यक कदम, करे सार्जिकल स्ट्राईक: इंदु राम

**कुंदा(चतरा)।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में सोमवार को प्रखंड मुख्यालय में जनाक्रोश रैली निकाली गई।इस रैली का नेतृत्व सर्व सनातन समाज के बैनर तले किया गया था इस आक्रोश रैली की अध्यक्षता अंबिका सिंह भोक्ता व संचालन अजीत कुमार मिश्रा ने किया ,जिसमें विभिन्न हिंदू संगठनों के नेता व कार्यकर्ता शामिल हुए। जनाक्रोश रैली महावीर मंदिर मेन चौक से शुरू होकर दुर्गा मंड,बनिया टोला एवं नीचे टोला से होते हुए प्रखंड कार्यालय के पास पहुंच कर धरना प्रदर्शन में तब्दील हो गया।

आक्रोश मार्च के बाद सर्व सनातन समाज के बैनर तले धरना- प्रदर्शन कर कई वक्ताओं ने बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार और क्रूरता से हिंदुओं पर हो रहे हमले को लेकर अपनी अपनी बातों को रखा।वहीं संबोधन के दौरान कुंदा मुखिया मनोज कुमार साहू ने कहा की बंगलादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले एक चिंताजनक विषय है इस पर केंद्र सरकार हिंदुओं के सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए,वही आरएसएस के हजारीबाग समरसता प्रमुख इंद्रु राम ने कहा की आज के दौर में हिंदू सुरक्षित नहीं है,बांग्लादेश में हिन्दुओं पर वीभत्स अत्याचार हो रहा है,हिंदू मारे जा रहे हैं इस पर केंद्र सरकार को आवश्यक कदम उठाने की जरूरत है,वहीं जिला कार्यवाह पंकज सिंह ने कहा की आखिर बांग्लादेश में कब तक हिंदुओं पर अत्याचार होता रहेगा, सरकार को कदम उठाकर लोहा मनवाने की जरूरत है।सर्व सनातन समाज का एक प्रतिनिधिमंडल ने अंचल कार्यालय में राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा।मौके पर हजारीबाग विभाग सह संगठन मंत्री सतीश गुप्ता,कार्यक्रम के संयोजक लवकुश कुमार गुप्ता, मजदूर संघ प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, अंबिका सिंह भोक्ता मंडल अध्यक्ष दिलेश्वर भोक्ता,पूर्व मुखिया रेखा देवी, आशीष कुमार गुप्ता,विक्की कुमार, सीमा प्रभात दिव्या भोक्ता, जितेंद्र सौंडीक, ऋषि कुमार,घनश्याम यादव, राजू रंजन समेत हजारों सर्व सनातन के लोग मौजूद थे।

वही बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में कुंदा के व्यावसाय संघ ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी।व्यवसायिक संघ ने सभी से अपील किया था की आक्रेश मार्च के दिन प्रखंड के सभी छोटे-बड़े दुकानदार अपनी अपनी दुकानों को बंद रखेंगे।जनाक्रोश रैली के कारण दोपहर तीन बजे तक सभी दुकानें पूरी तरह से बंद रही।दुकानदार अपनी अपनी दुकान बंद कर जनाक्रोश रैली में शामिल रहे।

लोकतंत्र की आवाज
स्वयत्ताधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक राजेन्द्र कुमार पांडेय एवं समाचार संपादक धर्मजीत कुमार सिन्हा, प्रभारी संपादक ललित किशोर शर्मा व कार्यपालक संपादक शैलेश कुमार के द्वारा आवाज कंप्यूटराईज प्रिंटिंग प्रेस रामनगर नवादा, पिन-805110 से प्रकाशित किया। यह समाचार पत्र मगध की आवाज का दैनिक डिजीटल संस्करण है। मो. नंबर-9525278483, 6200031466, 9934475082, 6204469540, 9431227058 है किसी भी वाद-विवाद का निपटरा नवादा न्यायालय के अधीन होगा।